खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मुजफ्फरनगर, गुरुवार 28 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 130 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 10 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़हा के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद
- सम्पादक

## अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़हा के मौके पर 28 मई को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा। -प्रबंधक

# अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार: ईरान

## कहा: एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही होगी शुरू, अमेरिका नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा



**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।

ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। अमेरिका की तरफ से अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में उसकी अनुमति से 23 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे।

- यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर नहीं होगी लागू
- होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे

### शांति समझौते का मसौदा फर्जी और मनगढ़ंत: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** ईरान और अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर सामने आई रिपोर्ट पर व्हाइट हाउस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ईरान के मसौदे को अमेरिका ने फर्जी व मनगढ़ंत करार दिया है। व्हाइट हाउस के संचार मंच रैपिड रिस्पान्स 47 की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ईरानी मीडिया द्वारा प्रसारित यह रिपोर्ट सच नहीं है और कथित समझौता ज्ञापन पूरी तरह झूठा है।

# दिल्ली में 45 डिग्री के करीब पहुंचा पारा, येलो अलर्ट जारी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंचने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

राजधानी सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली- एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब बना रह सकता है और 28 मई से पहले राहत की संभावना कम है। महीने के अंत तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ इलाकों में आंधी और हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट आ सकती है। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार विदर्भ क्षेत्र देश के सबसे अधिक गर्म इलाकों में बना हुआ है। ब्रह्मपुरी में तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस और नागपुर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने वर्धा, अमरावती और चंद्रपुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और अगले दो दिनों तक गंभीर हीटवेव की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कई हिस्सों में भी लू से गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी। पश्चिम राजस्थान और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। तेलंगाना के 10 जिलों में भी हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम और खम्मम जिलों में गंभीर लू चलने की आशंका जताई गई है।

- 29 मई को राहत की संभावना

### प्री-मानसून बारिश 5 जून तक संभव

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एआई की सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट वापस लौटी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की बुधवार को दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आधे रास्ते से दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई173 तकनीकी खराबी के कारण तय प्रक्रिया के अनुरूप 27 मई को दिल्ली लौट आई। विमान की दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग हुई।

### असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है। हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की वैधता रखी बरकरार

## कहा: यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित -शेष पृष्ठ दो पर

- नियमों के अनुसार चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है

### शीर्ष कोर्ट से अमेजन को बड़ी राहत, सीसीआई की तरफ से लगा 202 करोड़ का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जून 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। आदेश में ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जिसमें 17 दिसम्बर, 2021 के सीसीआई के अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और फ्यूचर ग्रुप के साथ उसके सौदे को निलंबित करने के आदेश को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की पीठ ने कहा कि यदि इन आदेशों के तहत अमेजन से कोई राशि जमा कराई गई है या वसूली गई है, तो उसे 8 सप्ताह के भीतर वापस किया जाए।

सभी देशवासियों को गंगा 'दशहरा' व ईद उल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
Vijay Luxmi Optical Company (P) Ltd.
A Complete Optical Showroom in Western U.P.
32-A, S.D. college New Market, MZN
81-B, Vakil Road, New Mandi, MZN

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने की कवायद

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने तथा उसमें सुधार के उद्देश्य से 25530 करोड़ रुपये की सार्थक जन वितरण प्रणाली 'सार्थक पीडीएस' को बुधवार को मंजूरी दे दी।

सार्थक पीडीएस एक व्यापक योजना है जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों की राज्य के भीतर ढुलाई और उचित दर दुकान डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता देना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार योजना (स्मार्ट पीडीएस) को लागू करना शामिल है। सार्थक पीडीएस योजना में 25530 करोड़ की यह राशि पांच वर्ष के लिए जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

- 25530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

Recruitment For Teaching Staff
Required: Assistant Professor For
- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

Qualification: As per University/UGC Norms.
Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

सभी देशवासियों को गंगा 'दशहरा' एवं ईद उल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री संजय गुप्ता (एम.डी.)
श्री अमन गुप्ता (एम.डी.)
Gupta Resorts
5TH KM. STONE, VEHALNA CHOWK
DELHI-DEHRADUN HIGHWAY, MUZAFFARNAGAR

सभी देशवासियों को गंगा 'दशहरा' व ईद उल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
Sampurna Bharat Mein
Goonj Raha Ek Naam
AMBA SHAKTI GROUP
AMBA STEELS 7 TH KM. MEERUT ROAD, MUZAFFARNAGAR (U.P.)

सभी देशवासियों को गंगा 'दशहरा' व ईद उल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
PARAS TMT
Leaders in TMT Bars
विपिन कुमार जैन चेयरमैन ★ संजय कुमार जैन डायरेक्टर ★ राजीव कुमार जैन डायरेक्टर

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल: तिवारी

**नई दिल्ल।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने चीन-पाकिस्तान के बढ़ते गठजोड़ को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है और इसका असर देश की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों पर पड़ रहा है। श्री तिवारी ने कहा ष्आज फिर खतरे की घंटी बज गई है। पाकिस्तान और चीन का संयुक्त बयान जारी हुआ है। जिस चीन को हमने पाकिस्तान से दूर रखा हुआ था, मोदी सरकार के 12 वर्षों में दोनों को गले मिला दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि खुद मोदी जी चीन को झूला झुलाते रहे और चीन जाकर पाकिस्तान के पाले में बैठ गया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान चीन ने अपने अखबारों में खुद स्वीकार किया था कि उसने पाकिस्तान के साथ साम. रिक और सुरक्षा मामलों में सहयोग किया।

### घरेलू मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या कम करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ष्विमान ईंधन की ऊंची लागत के मद्देनजरष् घरेलू के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कंपनी ने जून से अगस्त के बीच चुनिंदा मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, ष्सकल परिचालन पर ईंधन की ऊंची लागत के जारी प्रभाव के कारण ए बदलाव किए गए हैं।ष प्रभावित यात्रियों को दूसरी उड़ानों में बुकिंग, तारीख में बिना शुल्क बदलाव या पूरा रिफंड लेने के विकल्प दिए जाएंगे।

## योगी सबसे असफल सीएम: अखिलेश

### उत्तर प्रदेश में बिजली कटौती पर भड़के सपा मुखिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती को लेकर अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर तंज कसते हुए निशाना साधा और योगी आदित्यनाथ को राज्य का सबसे असफल मुख्यमंत्री बताया। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती को लेकर सियासत गर्म हो गई हैं। समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर से बिजली को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने यूपी में बिजली आपदा के पीछे मंत्री एके सिंह को जिम्मेदार बताया और कहा कि अब भाजपा में करंट नहीं रहा।

अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज कसा और लिखा कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं, तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधों पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी, क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिखकर जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। उत्तर प्रदेश इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, नोएडा, आगरा, मेरठ समेत कई जिलों में बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा हैं। कई जगहों पर तो लोगों ने सड़क पर उतरकर बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किए, जिसके बाद तूल पकड़ लिया है।

## कांग्रेस और राहुल गांधी माफी मांगें: नकवी

नई दिल्ली, वार्ता



■ दोनों ने लोकतंत्र को बदनाम किया
■ एसआईआर के नाम पर फैला रहे भ्रम कोर्ट के फैसले का सम्मान करें

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेताओं ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल को आत्ममंथन करने तथा लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने अपने फैसले के जरिए उन लोगों को साफ संदेश दिया है जो इस पर सवाल उठा रहे थे और डर तथा भ्रम फैला रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग एसआईआर के बारे में दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार फैला रहे थे, उन्हें न्यायालय के फैसले से कड़ा जवाब मिला है।बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे चुनावों में जनता ने जनादेश के जरिए ऐसे तत्वों को पहले ही नकार दिया है और अब न्यायालय के फैसले के बाद उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एसआईआर भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई कोई नई योजना नहीं है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष कोर्ट के फैसले को स्वागत करते हुए लिखा कि गांधी और कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब! न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक घोषित किया! यह साफ है कि श्री गांधी और कांग्रेस ने शुरू से ही इसका विरोध इसलिए किया, क्योंकि वे भारतीय मतदाताओं के साथ नहीं, बल्कि अवैध घुसपैठियों के साथ खड़े थे। यह सही मायनों में एक 'राष्ट्र-विरोधी कृत्य' था!

### इंडिया गठबंधन का वास्तविक चरित्र सामने आया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय से 'सनातन धर्म विध्वंसक और घुसपैठिया संरक्षक इंडिया गठबंधन' का वास्तविक चरित्र सामने आ गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय ने संविधान सम्मत और चुनाव आयोग के अधिकार के अंतर्गत माना है। इसके साथ ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए इसे आवश्यक माना है। अराजकता अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए।

### आज से बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी से मिलेगी राहत, चलेंगी तेज हवाएं

## यूपी में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बौछारें पड़ने की संभावना, आंधी से पूर्वी यूपी के 3 जिलों में आठ लोगों की मौत

**लखनऊ।** पिछले एक पखवारे से प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उप्र में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं लू तो कहीं तेज आंधी, गरज-चमक, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज शाम को पश्चिमी उप्र में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। वहीं पूर्वी उप्र में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर भीषण लू चलने की चेता. वनी भी जारी की है। 28 मई से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।

पश्चिमी उप्र में 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली आंधी, जो झोंकों में 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, की चेतावनी जारी की गई है।

बीते दो दिनों में आंधी-तूफान और बारिश से लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान इन जिलों में हादसे में 8 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मौसम विभाग ने 28 से 30 मई तक यूपी सहित उत्तर भारत के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर सहित कई जिलों में तूफान के दौरान कई मकानों की दीवार गिर गई। इतना ही नहीं कई जगह तो टीन-शेड के उड़ने की खबरें भी सामने आईं। आंधी-तूफान के दौरान लखीमपुर के कारीबडेरी गांव में आग से 40 घर जलकर राख हो गए। तूफान के इस आतंक से लोगों में अफरातफरी मच गई। इन हादसों में कई लोग हताहत भी हुए हैं। तेज हवाओं से कई जगह बिजली के पोल और पेड़ भी टूट गए, जिससे कई गांवों की बिजली गुल हो गई। गोंडा में मनकापुर-अयोध्या रेल मार्ग पर तेज तूफान से पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हुआ। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने की वजह से यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तूफान थमने पर रेलवे कर्मियों ने रेल मार्ग को साफ कराया, जिससे रेल फिर से चल सकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मची इस हलचल को लेकर संवेदनाएं प्रकट की। मौसम विभाग के अनुसार सिर्फ एक दिन के इंतजार के बाद लोगों को धुआंधार बारिश देखने को मिल सकती है।

### मुजफ्फरनगर समेत 16 जिलों में संभावना

मौसम विभाग ने आज यूपी के तराई वाले इलाकों में बारिश होने के आसार जताए हैं, जिसकी वजह से सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान हैं।

## योगी के तीसरे कार्यकाल को आरएसएस सक्रिय

लखनऊ, वार्ता

■ आरएसएस ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

पश्चिम बंगाल चुनावों में सफलता के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अब उप्र में योगी आदित्यनाथ सरकार के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाकर भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रयासों को मजबूती देने पर जोर दिया। संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि समाज में जातिगत भेद मिटाकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जातियों का सम्मान हो और किसी स्तर पर भेदभाव न हो। निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन के प्रवास के दौरान भागवत ने प्रशिक्षण वर्ग में शामिल 289 स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन अपनाने और संघ के काम को बढ़ाने के तरीके सिखाए।

'कुटुंब प्रबोधन' के तहत संघ प्रमुख ने बढ़ते एकल परिवारों की प्रवृत्ति को रोकने और पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की जरूरत बताई।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75867.80
निफ्टी 23907.15

सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 262000 प्रति किलो

## सेंसेक्स दूसरे दिन भी टूटा, निजी बैंकों व वित्तीय कंपनियों पर दबाव

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकों तथा वित्तीय कंपनियों में बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह ऊपर 76,224.68 अंक और नीचे 75,748.21 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक भी 6.55 अंक यानी 0.03 फीसदी उतरकर 23,907.15 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद हुए हैं। वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.08 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत ऊपर रहा। बैंकिंग, वित्त, आईटी, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। विशेषकर निजी बैंकों में बिकवाली हावी रही। धातु, ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों में लिवाली देखी गई। एनएसई में जिन 3,422 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,770 के शेयरों में तेजी और 1,533 में गिरावट रही। अन्य 119 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.63 प्रतिशत गिर गया। इंफोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। पावर ग्रिड का शेयर 2.56 प्रतिशत, इटरनल का 2.54, एनटीपीसी का 2.23 और टाटा स्टील का 2.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंडिगो का शेयर 1.90 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.22 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 0.96 प्रतिशत चढ़ा।

### चांदी दो दिन में 9000 , सोना 1,800 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,503 रुपए कम होकर 2.62 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 571 रुपए गिरकर 1.57 लाख रुपए हो गया है। चांदी की कीमत 2 दिन में 9 हजार और 1,800 रुपए सस्ता हो चुकी है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ प में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है।

## चावल, गेहूं,दालें नरम, चीनी और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और दालों में भी नरमी रही जबकि चीनी की कीमत चढ़ गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 24 रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 10 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चना दाल नौ रुपये और मसूर दाल सात रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में पांच रुपये की गिरावट रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज बकरीद का अवकाश रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 प्रतिशत टूटकर 74.23 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 49 रुपये और सरसों तेल 44 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में पांच रुपये और मूंगफली तेल में तीन रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 64 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में टिकाव रहा। चीनी भी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7685.20 रुपये, मसूर काली 8123.89 रुपये, मूंग दाल 10144.60 रुपये, उड़द दाल 10838.04 रुपये, तुअर दाल 11234.34 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2773.81 रुपये और चावल 3831.50 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंत्र 3247.63 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4331.28 रुपये और गुड़ 5035.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## हर घंटे दो छात्र कर रहे आत्महत्या शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले 'कॉमेडी' हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। हर साल नेशनल टेस्टिग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशो. धित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

## मई-जून के लिए स्कूली बच्चों व परिजनों को म्यूजियम एवं स्मारकों में प्रवेश निशुल्क

मुहम्मद जान तुर्की



लखनऊ। विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में सभी को अपना योगदान करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई, 2026 को बैठक करके प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किये जाये।

पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांस्पोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्यूनतम किया जाए और एसी का उपयोग भी कम किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाए। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में नि:शुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाइयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने विजिट माई स्टेट को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए हैं, उसके अनुपालन में वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, अयोध्या, बुन्देलखण्ड, चित्रकूट, आगरा, नैमिषारण्य, शाकुम्भरी देवी आदि स्थलों का प्रचार-प्रसार एवं ब्रांडिग की जाए। उन्होंने पर्यटकों और स्थानिय नागरिकों को क्षेत्रीय व्यन्जनों से परिचित कराने के लिए विशेष कुकिंग शो आयोजित करायें जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश के स्थलों और विरासत से परिचित कराने हेतु हेरेटिज वाक का आयोजन करने के निर्देश दिये है। संस्कृति विभाग द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से सास्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नाटक आदि का आयोजन किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश भर में कुल 200 नाटय प्रस्तुति चिन्हिन की गई है। जिनका विभिन्न स्थलों और मण्डलों में मंचन किया जाए।

### गायत्री प्रजापति के आवास पर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**अमेठी।** अमेठी में समा. जवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास पर हमले और हंगामे का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर शाम अमेठी नगर स्थित आवास विकास कॉलोनी में हुई, जहां वर्तमान विधायक महाराजी प्रजापति अपने परिवार के साथ रहती हैं। पूर्व मंत्री के बेटे अनुराग प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि करीब दो से तीन दर्जन लोग मोटरसाइकिलों और एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और वीडियो बना रहे परिजनों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया। शिकायत में कई लोगों के नाम भी दर्ज कराए गए हैं। अनुराग प्रजापति का कहना है कि उनके परिवार को जान-माल का खतरा है।



















































# अफसरों का ईदगाह परिसर में निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईद-उल-अजहा की नमाज को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। एसपी सिटी, एडीएमई समेत तमाम अधिकारी और धर्मगुरु ईदगाह पहुंचे और परिसर का निरीक्षण किया।

एसपी सिटी व्योम जिंदल, एडीएमई संतोष सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहिरी वएम शाहिद जुबैरी के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नमाजियों के प्रवेश/निकास द्वार, पार्किंग व्यवस्था, पानी शौचालय, बिजली और भीड़ नियंत्रण के इंतजामों का जायजा



लिया। रूट डायवर्जन और बैरिकेडिंग पर भी चर्चा हुई।

### रंगदारी के आरोपों से सहमे व्यापारी

# व्यापार मंडल ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में कथित रंगदारी और अवैध वसूली की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी तहसील पहुंचे तथा उप जिलाधिकारी ललित मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर आरोपी विनय जैन उर्फ किक्की के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई।

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों का आरोप है कि जेल से रिहा होने के बाद आरोपी दोबारा सक्रिय हो गया है और अपने साथियों के माध्यम से व्यापारियों व आम लोगों को डराकर अवैध वसूली कर रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के कई क्षेत्रों में लोग भय और असुरक्षा का माहौल महसूस कर रहे हैं, जिससे व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।ज्ञापन में व्यापार मंडल ने उल्लेख किया कि वर्ष 2016 में विनय जैन के खिलाफ खतौली थाने में धारा 386 आईपीसी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए थे। बाद में उसे जेल भेजा गया और इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। व्यापारियों का आरोप है कि जमानत मिलने के बाद भी आरोपी ने आपराधिक गति. विधियों से दूरी नहीं बनाई और फिर से रंगदारी व ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में संलिप्त हो गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने प्रशासन से मांग की कि नगर में शांति और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरोपी को तत्काल जिला बदर किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो व्यापारियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।



# ईद उल अजहा पर ईदगाह में तैयारियां मुकम्मल

**बुढ़ाना।** त्याग व समर्पण का पर्व ईद उल अजहा को लेकर बुढ़ाना नगर पंचायत ने कमर कस ली है। अध्यक्षा उमा त्यागी के निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन ने ईदगाह परिसर व आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाओं की कमान संभालते हुए सब तैयारियां पूरी कर ली हैं। नमाजियों को किसी तरह की असु. विधा न हो इसके लिए साफ सफाई से लेकर पेयजल तक के विशेष इंतजाम किए गए हैं। चेयरपर्सन उमा त्यागी के पुत्र अभिनव त्यागी ने सभासद इमरान कुरैशी, इकबाल कुरैशी, सलीम कुरैशी, नसीम सिद्दीकी, राशिद मंसूरी, सभासद गुलफाम खान के साथ ईदगाह पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि ईद के मौके पर आने वाले हर व्यक्ति को साफ सुथरा और सुविधा. जनक माहौल मिले। नगर पंचायत की टीम ने ईदगाह परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया। धूल व भीषण गमह्र से राहत दिलाने के लिए पूरे परिसर में पानी का छिड़काव कराया गया। स्वच्छता बनाए रखने के लिए जगह जगह चूना भी डलवाया गया साथ ही नमाज के दौरान लोगों के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पानी के टैंकर लगवाए जा रहे हैं। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कहा ईद उल अजहा त्याग, समर्पण व इंसानियत का संदेश देता है। नगर पंचायत बुढ़ाना की प्राथमिकता है कि इस पावन पर्व पर ईदगाह आने वाले हर नमाजी को बेहतर सुविधा मिले। इसके लिए साफ सफाई, पानी के छिड़काव, चूना डालने व पेयजल समेत सब आवश्यक व्यवस्थाएं मुकम्मल कर दी गई हैं। निरीक्षण में राजू पांचाल, अंकित त्यागी, नितिन पंवार, गुल. बशर, मानू त्यागी, लोकेश पंडित व अंकुर त्यागी आदि लोग मौजूद थे। सबने नगर पंचायत द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।



## ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर गुलजार हुए बुढ़ाना के बाजार

**बुढ़ाना।** त्याग और कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा से एक दिन पहले को बुढ़ाना कस्बे के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली।

सुबह से लेकर देर रात तक बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे। ईद उल अजहा की तैयारियों के लिए लोगों ने जमकर खरीदारी की जिससे पूरे कस्बे में त्योहारी उल्लास छा गया। मुख्य बाजार, कोतवाली रोड, छोटा बाजार, पैंठ बाजार और सदर बाजार में सबसे ज्यादा चहलपहल रही। रेडीमेड गारमेंट्स, कुर्ता पायजामा, टोपी और इत्र की दुकानों पर युवाओं की खासी भीड़ दिखी वहीं महिलाओं और बच्चियों ने चूड़ी, सौंदर्य प्रसाधन और लेस की दुक. ानों पर जमकर खरीदारी की। बच्चों के लिए खिलौने और जूतों की दुकानों पर भी दिन भर मेला सा लगा रहा। ईद का त्योहार सेवइयों के बिना अधूरा है। इसलिए किराना और हलवाई की दुकानों पर और सूखे मेवों की बिक्री जोरों पर रही। मसालों और बेकरी आइटम की दुकानों पर भी ग्राहकों का तांता लगा रहा। ईद उल अजहा की तैयारियों को लेकर लोगों में इतना उत्साह था कि देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रही। दुकानदारों ने भी ग्राहकों की सुविधा के लिए अपनी दुकानें देर तक खोली। पूरे बाजार में रंग-बिरंगी लाइटों और सजावट ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। बाजार में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहा। कोतवाली प्रभारी सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में पुलिस बल बाजारों में लगातार गश्त करता रहा। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया ताकि यातायात और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# शीतल शरबत पिला कर बुझाई राहगीरों की प्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** जेठ की तपती दुपहरी मे आकाश से बरस रही आग से अब धरती भी आग उगल रही है बुधवार जेठ की अधिक महत्व तथा फलदायी इंकादशी को कस्बे मे कई स्थानो पर मीठा शीतल शरबत पिला कर राहगीरो के हल्म की प्यास बुझाकर पुण्य कमाया गया है।

गर्मी के तापमान को देखते हुए बुधवार दोपहर लक्सर रोड प्रियांशी फस्ट एड क्लीनिक पर विशाल छविल लगाया गया जिसमें सभी दुकानदारों ने अपना सहयोग प्रदान किया घर में अधिक कमाने की वजह से हजारों लोगों ने वह राहग. ीरो ने ठंडे पानी रुआवजा का आनंद लिया साथ रहे सलमान मलिक आजाद फ्लाइ फूड्स शोएब डाक्टर जयवीर पाल . डाक्टर मुनव्वर डाक्टर जयवीर डा अमित त्यागी डाक्टर सलमान अरविंद कुमार . प्रिन्स कश्यप . सुमित कुमार . गजेंद्र कुमार शिवम कुमार आबिद आदि लोग मौजूद रहे उधर इसी रोड पर भारद्वाज धर्म कांटा रोहित शर्मा बसंत टी स्टाल . बसन्त सिंह . अभिषेक कुमार .रमेश शर्मा . सहित दर्जनों युवको द्वारा भीषण गर्मी उउ की परवाह न करते हुए कई घन्टे जेठ की तपती दुपहरी मे राहगीरो को मीठा शीतल शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलायी गयी है।

# टैम्पो स्टैंड पर राहगीरों को मिला आरओ का शुद्ध शर्बत

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी और तेज धूप से बेहाल लोगों को राहत देने के लिए समाजसेवी अमन मिर्ज़ा ने हर साल की तरह इस बार भी ठंडे शरबत सेवा अभियान की शुरुआत की है। बुढ़ाना के टैक्सी टैम्पो स्टैंड और भारत रोड पर शुरू की गई इस सेवा में राहगीरों, वाहन चालकों और आम लोगों को स्वच्छ शरबत उपलब्ध कराया जा रहा है। शरबत सेवा का शुभारंभ करते हुए अमन मिर्ज़ा ने कहा कि इंसानियत की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। भीषण गर्मी में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना एक छोटी लेकिन बेहद महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने बताया कि क्लासिक गैलरी की ओर से पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में लगातार यह जनसेवा की जा रही है। अमन मिर्ज़ा ने बतलाया कि शुद्धता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए आरओ प्यूरीफायर से तैयार स्वच्छ शरबत की व्यवस्था की गई है। यह सेवा प्रतिदिन सुबह से शाम तक लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी और बरसात शुरू होने तक लगातार जारी रहेगी। इस सेवा कार्य का स्थानीय लोगों और राहगीरों ने भरपूर लाभ उठाया। टैम्पो चालक नईम ने कहा पूरे दिन धूप में गाड़ी चलाते हैं। ऐसे में ठंडा और साफ शरबत मिल जाए तो बड़ी राहत मिलती है। अमन भाई हर साल हमारी फिक्र करते हैं। कार्यक्रम में क्लासिक वर्कशॉप के संयोजक जहीर हसन, छम्मा, मुनीम, अरशद खान, समाजसेवी गुलबशर मिर्ज़ा समेत कई लोग मौजूद थे। सबने इस पुनीत कार्य की सराहना की और सहयोग का आश्वासन दिया।



# राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बढ़ती गर्मी और तेज धूप से परेशान राहगीरों को राहत देने के लिए बुढ़ाना कस्बे के कोतवाली रोड पर स्थित सागर नर्सिंग होम की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नर्सिंग होम के बाहर लगाए गए स्टॉल पर आने-जाने वाले सैकड़ों लोगों ने ठंडा शरबत पीकर गर्मी से राहत पाई। इस सेवा कार्य में डॉक्टर रिहान जैदी, डॉक्टर बाबल और डॉक्टर साहिल सहित नर्सिंग होम का समस्त स्टाफ बढ़ चढ़कर शामिल हुआ। डॉक्टरों ने स्वयं अपने हाथों से राहगीरों, रिक्शा चालकों और दुकानदारों को शरबत पिलाया। व्यवस्था संभालने में फारूक त्यागी, मोहम्मद शान व अन्य सहयोगियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सागर नर्सिंग होम परिवार ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा मानव धर्म है। अस्पताल सिर्फ इलाज की जगह नही सेवा का केंद्र भी है।

इसलिए सामाजिक दायित्व निभाते हुए यह पहल की गई है और आगे भी ऐसे कार्य जारी रहेंगे। भीषण गर्मी में किए गए इस सेवा कार्य की लोगों ने दिल खोलकर सराहना की। शरबत पीने के बाद कई बुजुर्ग राहगीरों ने सागर नर्सिंग होम के डॉक्टरों और स्टाफ को खूब दुआएं दी। स्थानीय व्यापारी राजेश गुप्ता ने कहा डॉक्टर का काम सिर्फ दवा देना नही इंसानियत निभाना भी है और सागर नर्सिंग होम ने ये कर दिखाया है।

# शरबत की छबील लगाकर बुझाई, राहगीरों की प्यास

**मोरना।** तपती गर्मी व तेज़ गर्म लू के बीच समाजसेवियों द्वारा भोकरहेडी -मोरना मार्ग पर ठंडे व मीठे शरबत की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई गयी।

मोरना क्षेत्र के गांव वज़ीराबाद में मुख्य मार्ग पर बुधवार को ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाई गयी। ग्रामीणों ने राहगीरों को रोक-रोक. कर ठंडा शरबत पिलाया गया।सुबह से दोपहर तक लगाई गयी छबील में हज़ारों व्यक्तियों की प्यास बुझाकर पुण्य लाभ लिया।भाजपा कार्यकर्ता अनुज गोयल ने बताया कि तेज़ गर्मी में प्रत्येक को अधिक से अधिक पानी का सेवन करना ज़रूरी है।तेज़ गर्मी में मार्गो से गुजर रहे वाहनो में सवार यात्रियों, वाहन चालकों,ग्रामीणों आदि के लिये शरबत की व्यवस्था की गयी।यह सुविधा आगे भी जारी रहेगी।इस अवसर पर मदन सिंह, रविंद्र सिंह, अनुज गोयल,आदेश गोयल,सोनू कश्यप, डिंपल कुमार ,हार्दिक कुमार, अवनी गोयल, आयुष गोयल, सुधीर कुमार ,सचिन कुमार ,कपिल कुमार ,विक्की कुमार,कार्तिक, अनमोल कुमार आदि मौजूद रहे।



## युववकों पर डंडों से हमला कर कार तोड़ने वाले नामजद

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरालसी निवासी राजा पुत्र पवन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बतलाया कि वह अपने दोस्त देव व शिव प्रताप के साथ स्विफ्ट कार से बुढ़ाना की मास्टर कॉलोनी पहुंचा था। वहां पर पहले से ही मौजूद सचिन व निखिल ने अपने 7-8 साथियों के साथ मिलकर उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसकी कार को भी पूरी तरह तोड़ दिया। किसी तरह भागकर उन्होंने जान बचाई। हमलावरों ने भागते समय भी उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसको ओर उसके साथियों को भी चोटें आई हैं।

# गर्मी में राहत देने को बांटा गया रूह अफजा

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहगीरों को राहत दिलाने के लिए बुढ़ाना कस्बे के नदी वाला मन्दिर रोड पर ठंडे रूह अफजा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित विवेक मणि जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में काफी लोगों ने शीतल शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत पाई। कार्यक्रम के दौरान पंडित विवेक मणि जी महाराज स्वयं शरबत वितरित करते नजर आए। उनके साथ रवि वर्मा, ललित सैनी, मोनू पंडित, शुभम पंडित, आकाश सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सड़क से गुजर रहे राहगीरों, रिक्शा चाल. कों और दुकानदारों को प्रेमपूर्वक ठंडा रूहअफजा पिलाया। इस मौके पर पंडित विवेक मणि जी महाराज ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। हमारी संस्क्र ति हमें मानव सेवा ही माधव सेवा का संदेश देती है। इसी भाव से हमने यह छोटा सा प्रयास किया है ताकि कोई भी राहगीर प्यासा न रहे। नदी मन्दिर रोड पर लगाए गए इस शरबत वितरण स्टॉल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। तपती दोपहरी में ठंडा रूह अफजा पीकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे। स्थानीय दुक. ानदार संजय कुमार ने बताया ऐसे आयोजन गर्मी में बहुत राहत देते हैं। युवाओं को समाजसेवा के लिए आगे आते देखना भी बहुत सुखद है। आयोजक मंडल के सदस्य रवि वर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए समय समय पर ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस तरह के पुण्य कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शाह आलम उर्फ शान आलम व उसकी पत्नी तरन्नुम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं, गलत संगत में पड़कर आये दिन गाली गलौच व झगडा करते रहते हैं इसलिये मैने अपने पुत्र शाह आलम उर्फ शान आलम व उसकी पत्नी तरन्नुम को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर परिवार ने इनसे तमाम सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। अब यह दोनों ग्राम कुण्डा थाना गंगोह, जिला सहारनपुर जो कि शाह आलम उर्फ शान आलम की ससुराल है वहां जाकर बस गए हैं। इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मैं या मेरे परिवार का कोई अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। किसी भी कृत्य व लेन देन या वाद विवाद के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ. यासीन पुत्र मुस्ताक**
**निवासी मकान नं० 152 ,**
**मौहल्ला मनव्वरनगर चरथावल देहात, थाना चरथावल,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# फेरीवाला बनकर महिलाओं से हज़ारों की ठगी

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए ठग युवक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चोरावाला गांव में फेरीवाला बनकर आये दो युवको ने महिला के साथ हज़ारों की ठगी कर डाली। अरोपी पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये।पीड़िता ने पुलिस से आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी बाल्श्वरी ने तहरीर लिखकर बताया कि मंगलवार की सुबह सवेरे उसके के पास एक कपड़ा बेचने वाला आया जिसने कहा कि कपड़ों का यह बैग 5500 रुपये में बेंच रहा है।तभी उसका एक और साथी महिला के पास आया और बोला कि यह कपड़ों का बैग आप ले लो और उसके बाद में आपको 5500 रुपये देकर यह बैग ले लूंगा।क्योंकि यह व्यक्ति मुझे नहीं देगा। आप लेकर मुझे दे दो महिला ने 5500 रुपये देकर कपड़ों का बैग खरीद लिया।दो मिनट में पैसे लेकर आने का बहाना बनाकर दोनो वहां से चले गये।जिसके बाद महिला को ठगे जाने का अहसास हुआ।अरोपी ठग पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मजलिस ए चेहलुम सैफ्यद मुख्तार हुसैन का आयोजन

**भोपा।** जौली गांव में समाजसेवी सैफ्यद मुख्तार हुसैन के चेहल्लुम के अवसर पर मजलिस ए शोहदाए करबला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र व दूर दराज से आये व्यक्तियों ने भाग लिया।

मजलिस का आगाज़ हसन अली द्वारा सोज ख्वानी कर किया गया ।

पेशखानी तकी बादशाह ने की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना वसी हसन खान ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन के साथ जिस तरह जुल्म हुए ओर उन्होंने ज़ालिम से समझौता नहीं किया। उससे प्रेरित होकर ईरान में आयतुल्ला सैफ्यद अली खामनाई ने भी अपने परिवार सहित सब की कुर्बानी पेश की लेकिन जालिमों के आगे सर नहीं झुकाया। इससे हमें ये सीख लेनी चाहिए कि कितना भी बड़ा ज़ालिम तुम्हारे सामने हो हक़ का रास्ता न छोड़े।

मजलिस में बड़ी संख्या में व्यक्तियों ने भाग लिया।जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता अजादार हुसैन, सपा नेता अली जामिन ज़ैदी, डॉ. अंजुम ज़ैदी, शैदा अली,अधिवक्ता ज़िया मेंहदी ज़ैदी, शबाब आलम, हनी, असरम, मजाहिर अब्बास, हैदर मेंहदी, अली रजा, ज़ैगम हुसैन, इसरार हुसैन आदि मौजूद रहे।



# निरगाजनी नहर पुल के निर्माण कार्य शुरू होने से राहत की उम्मीद

**भोपा।** निरगाजनी नहर झाल के पनचक्की पुल के क्षतिग्रस्त होने के चलते चौपहिया वाहनों के लिये पुल को बंद किया गया है।जिससे यहां से गुजरने वाले चौपहिया वाहन सवारों क्षेत्र के किसानों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई माह के बाद अब पुल का निर्माण कार्य शुरू होने से राहत की उम्मीद जागी है।

क्षेत्र के शुक्रताल, मोरना,भोपा, भोकरहेड़ी, की ओर बसेड़ा,बरला देवबंद,सहारनपुर की ओर जाने वाले यात्रियों को पिछले कई माह से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्र के निरगाजनी पनचक्की पुल के बन्द कर देने से जहां चौपहिया वाहनों को रास्ते बदलकर संकरे तथा टूटे हुए सुनसान रास्तो से गुजरना पड़ रहा है। क्षेत्र के टेक्सी चालकों ने बताया कि रात के समय उन्हें सुनसान मार्गो से गुजरना पड़ रहा है।जहां वह असुरक्षित महसूस करते हैं।लगभग दस किलोमीटर की अधिक यात्रा से समय और ईंधन की खपत भी ज़ूयादा लग रही है।

वहीं निकटवर्ती गांव रहमतपुर,सिकन्दरपुर,गढ़वाड़ा के किसानों ने बताया कि उनके खेत नहर की दूसरी ओर हैं।पुल के बन्द हो जाने से वह खेतों में देर से पहुंचते हैं।

पुल के बन्द होने से उनकी खेती लगातार प्रभावित हो रही है।पुल के शीघ्र निर्माण की मांग किसान व क्षेत्रवासी लगातार कर रहे हैं। तथा भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल भी पुल के शीघ्र निर्माण की मांग कर चुके हैं। अब पुल के निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र वासियों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जहान चौधरी व उसकी पत्नी श्रीमती अफसाना मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैंने इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे

**कवलदीन पुत्र शब्बीर**
**निवासी- ग्राम सांझक,**
**थाना शाहपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट से दूसरे सम्प्रदाय में नाराजगी

**मोरना।** ईदुलजुहा शुभकामना के डिजिटल बैनर में प्रतिबंधित पशु का कथित विवादित फोटो पोस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। फोटो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी एक युवक ने बुधवार शाम अपनी फेसबुक आईडी के स्टेटस पर ईद उल अजहा की शुभकामनाओं के साथ एक फोटो पोस्ट की। वायरल हो रही फोटो में बकरे के साथ प्रति. बंधित पशु की तस्वीर भी दिखाई गई है। साथ ही उसमें कुछ आपत्ति. जनक बातें लिखी होने की बात कही जा रही है। पोस्ट सामने आने के बाद हिंदू समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। गांव सहित आसपास के इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी। सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि वायरल पोस्ट की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस सतर्क है। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई है।

## उमरपुर के मदरसे में हुआ दीनी कार्यक्रम

बुढ़ाना। गांव उमरपुर में सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित जामियातुल इमाम जियाउर्रहमान मदरसे में विगत दिवस एक अज़ीमुश्शान दीनी कार्यक्रम हुआ। जिसमें सहारनपुर जिले से आए मशहूर आलिमे दीन मौलाना खालिद सैफुल्लाह गंगोहवी ने विशेष बयान किया। मौलाना गंगोहवी ने जिक्रुल्लाह के विषय पर रुह परवर बयान करते हुए कहा अल्लाह का जिक्र दिलों का सुकून है। उन्होंने नौजवानों से खास तौर पर मुखातिब होकर गलत सोहबत से बचने, देर रात होटलों में वक्त बर्बाद ना करने, गैर जरूरी खाने पीने की चीजों और सिगरेट नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की पुरजोर नसीहत की। मौलाना ने कहा कि युवा कौम का सरमाया हैं उन्हें इल्म और अखलाक से आरास्ता होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मौलाना खालिद सैफुल्ला गंगो. हवी ने ही मुल्क में अमन चौन, भाईचारे और कौम की तरक्की के लिए भी खास दुआ कराई।

## दवाई लेने गई इंटर की छात्रा लापता

**छपार।** गांव से मुजफ्फरनगर दवाई लेने गई। इंटर मीडियट की छात्रा रहस्यमय तरीके से लापता हो गई उसकी मां ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

गांव दतियाना की एक छात्रा मंगलवार को मुजफ्फरनगर सरकारी अस्पताल में दवाई लेने गई थी जब शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसे तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। शाम को थाने पहुंचकर उसकी मां ने एक प्रार्थना पत्र दिया। बुधवार को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। युवती के भाई ने बताया कि दोपहर के उससे मोबाइल पर बात हुई थी उसने बताया था कि दवाई ले ली है ओर घर आने के रिक्शा में बैठ रही है उसके बाद उसका मोबाइल बंद है।

# बाबू बालेश्वरलाल की पुण्य तिथि पर हुआ कार्यक्रम

**शाहपुर।** कस्बे के कोहिनूर पब्लिक स्कूल में पत्रकारिता जगत के आधार स्तंभ स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि समारोह मनाई गई। प्रमुख समाजस. ेवी नौशाद मलिक की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पुण्यतिथि के अवसर पर दीप प्रज्वलित करके उनके चित्र पर माल्यार्पण तथा श्रद्धांजलि सभी पत्रकारों ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नामित सभासद अभिषेक चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को देखते हुए संगठन की नींव रखी थी आज यह संगठन वट वृक्ष का रूप ले चुका है। बाबू बाल्श्वर लाल जी जीवन पर्यंत ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की आवाज को बुलंद करते रहे और अनेकों समस्याओं में उन्होंने सफलता भी हासिल की। उनके अधूरे कार्य को अब उनके पुत्र सौरभ कुमार देख रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे पत्रकारों का होना बहुत जरूरी है क्योंकि कई मामलों में ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार खबरो का प्रकाशन करके जहां पीड़ित को न्याय दिलाते हैं वहीं भ्रष्टाचार के मामले में घटना को उजागर कर समाज को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाते है। दैनिक शाह टाइम्स के युवा पत्रकार भाग्य शर्मा ने कहा कि पहले सीमित संसाधनों में पत्रकारिता होती थी अब आधुनिक युग में पत्रकारिता करना बहुत आसान हो गया है। इस दौरान विजय गोयल, रविंदर कुमार, भाग्य शर्मा, खालिद सिद्दीकी, नामित सभासद अभिषेक चौधरी, संदीप जैन, मोहम्मद फुल सैयद, केपीएस ए स्मार्ट स्कूल के प्रबंधक हसीन सैफी, सुखपाल सिंह, संजय बालियान मौजूद रहे।



**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मै दीपक पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम सरनावली थाना फुगाना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरी पत्नी कुसुम, मेरे 2 पुत्र आशीष, प्रिंस, मेरी 1 शादीशुदा पुत्री आसू है। मेरे दोनों पुत्र, पुत्री व पत्नी झगडालू किस्म के हैं। मेरे पुत्रों व पत्नी कुसुम का उठना बैठना गलत लोगों में है तथा नशे के आदि हैं। मेरे पुत्र आशीष, प्रिंस, पत्नी कुसुम के पास अपराधिक प्रवृति के लोगों का आना जाना है। दोनों पुत्र व पत्नि मेरे संग मारपीट करते हैं। जिस कारण घर में विवाद रहता है। में 12 वर्षों से अलग रहता हूं। जिस कारण में अपने पुत्र आशीष, प्रिंस, पत्नी कुसुम, बेटी आसू को 26 मई 2026 से अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा मेरे दोनों पुत्रों, पुत्री, पत्नि से कोई मतलब नही होगा। भविष्य में ये चारों यदि कोई गलत कार्य करते हैं तो ये जिम्मेदार होंगे। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# तालाब में हजारों मछलियों की मौत से फैली दुर्गंध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव नगला कबीर स्थित तालाब में हजारों मछलियों की अचानक मौत हो जाने से पूरे गांव में दुर्गंध फैल गई, जिससे ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। तालाब से उठ रही सड़ांध के कारण लोगों को सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले से नाराज ग्रामीणों ने तालाब के पास एकत्र होकर प्रदर्शन किया तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब का ठेका राजेन्द्र कवाल के पास है, जबकि मछली पालन का कार्य नईम द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में मरी पड़ी हजारों मछलियों को समय रहते नहीं हटाया गया, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल गई। आसपास रहने वाले लोगों को बदबू के कारण घरों में रहना मुश्किल हो रहा है तथा बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

प्रदर्शन करने वालों में विक्रांत, रविन्द्र, बिट्टू, विजय, परविंदर, मुन्नी, इमराना, बबली, मुनेश, अभिषेक और जयकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि तालाब की तत्काल सफाई कराई जाए और मछलियों की मौत के कारणों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर क्षेत्र में दवा छिड़काव कराने की भी मांग की है, ताकि किसी प्रकार की बीमारी फैलने से रोका जा सके।

# जनगणना को लेकर अफवाहों से बचें : एसडीएम

**जनगणना कर्मचारियों को सहयोग करें क्षेत्रवासी**



**जानसठ।** सरकार द्वारा कराई जा रही जनगणना को लेकर एसडीएम जानसठ रश्मि लाम्बा ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और घर-घर पहुंच रहे प्रगणकों का सहयोग करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। एसडीएम रश्मि लाम्बा ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाती है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान जुटाई गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और इसका उपयोग केवल सरकारी आंकड़ों एवं योजनाओं के लिए किया जाता है। इसलिए नागरिक बिना किसी भय या संकोच के सही जानकारी दें।जानसठ एसडीएम साहिबा ने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलानें वाली अफवाहों पर विश्वास न करें। यदि कोई व्यक्ति जनगणना से संबंधित गलत जानकारी फैलाता है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दे और कहा कि जनगणना कार्य को सफल बनाने में आमजन की सहभागिता बेहद जरूरी है। सही आंकड़े मिलने से क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की योजनाएं बेहतर ढंग से तैयार की जा सकेंगी। एसडीएम जानसठ रश्मि लाम्बा मिडिया बन्धुओ से कहा कि जनगणना के दौरान किसी भी तरह की आईडी देने की जरूरत नहीं है सिर्फ प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराई जाये।

# तहसील मुख्यालय पर बनेगा हैलीपैड

**जानसठ।** तहसील मुख्यालय पर जल्द ही हैलिपैड निर्माण की तैयारी शुरू होने जा रही है। शासन स्तर से मिले निर्देशों के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने उपयुक्त भूमि की तलाश तेज कर दी है। हैलिपैड बनने से वीआईपी आवागमन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार जानसठ तहसील क्षेत्र में ऐसी सरकारी एवं खाली भूमि चिन्हित की जा रही है, जहां सुरक्षा मानकों के अनुरूप हैलिपैड का निर्माण कराया जा सके। सूत्रों की मानें तो राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी संभावित स्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि ऐसी जगह का चयन किया जाए जहां यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित हो सके।

बताया जा रहा है कि प्रस्तावित हैलिपैड का उपयोग मुख्यमंत्री, मंत्री एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के आगमन के दौरान किया जाएगा। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा, चिकित्सा आपातकाल और राहत कार्यों में भी यह काफी उपयोगी साबित होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील मुख्यालय पर हैलिपैड बनने से क्षेत्र की पहचान बढ़ेगी और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। वहीं प्रशासनिक अधिकारी इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं, और आधिकारिक रूप से पुष्टि होना बाकी है।

## संक्षिप्त समाचार

# ईद-उल-जुहा के पूर्व पुलिस की कार्रवाई से हड़कम्प

**भोपा।** आगामी ईद-उल-जुहा पर्व के दौरान शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिये पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।कार्रवाई से गौकशी में शामिल रहे आरोपियों में हड़कम्प मच गया। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि आगामी ईदुलजुहा के पर्व पर शान्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्रवाई करते हुए 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी पूर्व में गौकशी जैसे मामलों में संलिप्त रहे हैं और इनसे प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी कर क्षेत्र में शांति भंग करने की आशंका थी। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई कार्रवाई में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को हिरासत में लिया।जिनमे जाहिद पुत्र मंगता,आदिल पुत्र साजिद,शमीम पुत्र हनीफ निवासीगण ग्राम मोरना गफ्यूर पुत्र इकबाल,नईम पुत्र फफ्याज, युसुफ पुत्र तुफैल निवासीगण गांव युसुफपुर,सरफराज पुत्र जमील निवासी गांव भोपा,जितेन्द्र पुत्र महेन्द्र निवासी गांव गादला,जावेद उर्फ कुल्हाडी पुत्र अशरफ निवासी गांव सीकरी,छोटा पुत्र हसन,चांद मियां पुत्र सत्तार,भूरा पुत्र मुन्तियाज,खुशनसीब उर्फ बाबू पुत्र ऐजाज, दिलशाद पुत्र ऐजाज,फिरोज पुत्र अनवार,जागम अली पुत्र युसूफ,शाहिद कुरेशी पुत्र वसीम,आजाद पुत्र मुस्तफा,शाकिर पुत्र सुक्का, निवासीगण गांव नंगला बुजुर्ग,चाटू पुत्र इकबाल निवासी गांव रूडकली,कौसर पुत्र अली अब्बास निवासी गांव तिस्सा,मुस्तकीम पुत्र शेरा निवासी गांव किशनपुर को गिरफ्तार कर शान्ति भंग में चालान किया गया है।

ईद-उल-अजहा पर सद्भाव बनाये रखने की अपील




**शाहपुर।** थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को शांति-सद्भावना से त्योहार मनाने के साथ ही असामाजिक तत्वों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देने का मेसेज भी दिया

थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह लगातार भ्रमणशील व गतिशील बने हुए है जहां एक और अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचा रहे हैं तो वहीं आमजन को सुरक्षा का एहसास भी करा रहे शाहपुर। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में अपराध उन्मूलन अभियान के साथ-साथ त्योहारों को सकुशल मनाने के लिए एसपी देहात महादिक अक्षय संजय, क्षेत्रधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह ओर शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह लगातार भ्रमणशील व गतिशील बने हुए है जहां एक और अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचा रहे हैं तो वहीं आमजन को सुरक्षा का एहसास भी करा रहे हैं। आगामी त्योहार ईद उल अजहा ƀबकरीदƂ के मद्देनजर शाहपुर थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह पूरी तरह से तैयारियों में जुट हुए है। इसी क्रम में आज देर शाम पूरे दलबल व भारी फोर्स के साथ सड़कों पर उतरकर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को शांति-सद्भावना से त्योहार मनाने के साथ ही असामाजिक तत्वों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देने का मेसेज दिय गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कस्बे की सड़कों व मुख्य बाजारों और ईदगाह का निरीक्षण कर फ्लैगमार्च किया गया और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देशन दिए। शाहपुर थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने लोगों से अपील की है कि ईद उल अजहाष्बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इसके लिए सभी नागरिक कानून और प्रशासन के निर्देशों का सभी लोग पालन करें। इस दौरान थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह के साथ में शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी, युवा समाजसेवी तौहीद त्यागी, फाजिल अंसारी आदि मौजूद रहे।

## सनातन राष्ट्र प्रहरी ट्रस्ट का गठन

**जानसठ ।** राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बुधवार को ह्सनातन राष्ट्र प्रहरी नामक सामाजिक ट्रस्ट का विधिवत गठन एवं पंजीकरण कराया गया। ट्रस्ट के गठन को क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष पं. दीपक कृष्णात्रेय ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना, भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों का प्रचार-प्रसार करना तथा समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिये निरंतर कार्य करना रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को सकारात्मक दिशा, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना से जोड़ने की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ह्सनातन राष्ट्र प्रहरीह्न ट्रस्ट की स्थापना की गई है।उन्होंने बताया कि ट्रस्ट युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक गौरव की भावना को मजबूत करने के लिये कार्य करेगा। संस्था द्वारा शिक्षा, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान समारोह, जनजागरूकता अभियान तथा राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।पं. दीपक कृष्णात्रेय ने कहा कि संस्था का उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता को मजबूत बनाये रखना तथा सनातन संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न करना है। ट्रस्ट भविष्य में जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण अभियान, सामाजिक सौहार्द बढ़ाने एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने जैसे कार्यों को प्राथमिकता देगा।ट्रस्ट के प्रथम ट्रस्टी एवं संरक्षक के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट कुंवर देवराज पँवार पुत्र स्वर्गीय हरिराज सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके सामाजिक अनुभव और मार्गदर्शन में संस्था समाजहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी।

# महिला ने लगाया केस वापस लेने के लिए धमकाने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक महिला ने दुष्कर्म के आरोपी और उसके परिजनों पर उक्त केस में फैसला करने के लिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का खुला आरोप लगाया है। पीड़िता ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार महिला के पति की मृत्यु 6 वर्ष पहले हो गई थी। जिसके बाद वह अपने मायके में रह रही थी। आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने उसके साथ जबरदस्ती अवैध संबंध बनाए थे जिसका मामला कोर्ट में अभी तक भी विचाराधीन है। पीडिता का आरोप है कि जेल से छूटने के बाद आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी पक्ष उसे आते जाते गंदी गंदी गालियां देता है और मुकदमे में फैसला करने के लिए दबाव बनाता है। फैसला नही करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी और उसके एक साथी द्वारा उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर भी गाली गलौज कर अभद्र कमेंट किए जा रहे हैं। इससे वह मानसिक तनाव में है और उसे अपनी जान का खतरा है। पीड़िता ने पुलिस से उक्त सभी लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस बारे में पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# एंबुलेंस में गूंजी नवजात की किलकारी

**खतौली।** जनपद में संचालित 102 एंबुलेंस सेवा ने एक बार फिर अपनी तत्परता और मानवता का परिचय दिया। मंगलवार को प्रसव पीड़ा से परेशान एक गर्भवती महिला ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही सरकारी एंबुलेंस में स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

एंबुलेंस कर्मियों की सूझबूझ और तत्परता से सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिसके बाद जच्चा और बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत सामान्य बताई है। थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी 21 वर्षीय भुवनेश्री पत्नी गौरव को मंगलवार सुबह अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तुरंत 102 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही ईएमटी प्रियंका और चालक अतुल एंबुलेंस लेकर गांव पहुंचे और महिला को अस्पताल के लिए रवाना किया।

बताया गया कि अस्पताल जाते समय रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अचानक अत्यधिक बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक अतुल ने एंबुलेंस को सुरक्षित स्थान पर रोक दिया। इसके बाद ईएमटी प्रियंका ने एंबुलेंस में उपलब्ध डिलीवरी किट की सहायता से पूरी सावधानी और कुशलता के साथ प्रसव कराया। कुछ ही देर बाद महिला ने स्वस्थ नवजात को जन्म दिया और एंबुलेंस में बच्चे की किलकारी गूंज उठी।

प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को प्राथमिक उपचार देते हुए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को स्वस्थ बताया।

सुरक्षित प्रसव होने पर परिजनों ने एंबुलेंस कर्मियों का आभार जताया और कहा कि समय पर मिली सरकारी सेवा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं रही। घटना के बाद क्षेत्र में 102 एंबुलेंस सेवा की सराहना हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी एंबुलेंस टीम की तत्परता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपात स्थिति में 102 सेवा लगातार लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है।

# गंदगी और जलभराव से नाराज भाकियू अराजनीतिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने क्षेत्र में फैली गंदगी, जलभराव और बदहाल रास्तों की समस्या को लेकर बुधवार को तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिला. धिकारी डॉक्टर ललित मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

तहसील अध्यक्ष दीपक चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे भाकियू कार्यकर्ताओं ने बताया कि तिलक. राम इंटर कॉलेज से रजवाह भूड़ तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से बदहाल पड़ा है। इसी रास्ते से ग्रामीण श्मशान घाट और कब्रिस्तान तक पहुंचते हैं, लेकिन सड़क पर गंदगी और जलभराव के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि मार्ग पर लंबे समय से कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियों का गंदा पानी भरा रहने से आसपास के लोगों, खासकर स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। संगठन के एक नेता ने ग्राम प्रधान पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शीघ्र सफाई नहीं कराई गई तो ग्रामीण प्रधान के आवास के बाहर कूड़ा डालकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। वहीं ग्राम प्रधान हारून ने सफाई देते हुए कहा कि गांव में कूड़ा निस्तारण की स्थायी व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते मिल क्षेत्र के पास कूड़ा डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल निकासी व्यवस्था कमजोर होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि शिकायत मिलने के बाद सफाई अभियान शुरू करा दिया गया है और जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। ज्ञापन में भाकियू कार्यकर्ताओं ने कैलाश नगर के माजरा समौली में रावेन्द्र के मकान से सोमप्रकाश के मकान तक करीब 25 मीटर लंबी टूटी नाली की मरम्मत की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि नाली क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके अलावा ग्राम सरध में सरकारी टड्डबवेल से खतौली नाले तक बंद पड़ी नाली का मुद्दा भी प्रशासन के सामने रखा गया। किसानों ने कहा कि जल निकासी बाधित होने से खेतों में पानी भर रहा है, जिससे फसलें खराब हो रही हैं। भाकियू नेताओं ने प्रशासन से सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा।

# बुजुर्ग ने बेटे की ससुराल पक्ष पर धमकी का लगाया आरोप

**बुढ़ाना।** एक बुजुर्ग ने अपने बेटे के ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर जान से मारने की धमकी और बेटी के साथ किसी भी अनहोनी की आशंका का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार दिलशाद पुत्र इखलाक निवासी लुहसाना रोड बुढ़ाना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने बेटे आशिफ को संपत्ति से बेदखल कर रखा है। बेटा अपनी पत्नी साइमा के साथ शाहपुर कस्बे में स्थित अपनी ससुराल में रहता है और उससे उनका कोई संबंध नहीं है। तहरीर के अनुसार बीती 26 अप्रैल को उसके मोबाइल पर किसी अन्य नंबर से कॉल आई। आरोप है कि फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारे लड़के आशिफ ने मेरी लड़की के साथ गाली गलौच कर मारपीट की है इसलिए अब मैं तुम्हारे हाथ पैरों को काटूंगा और तुम्हारी लड़की के साथ बुरा काम करूंगा। यही धमकी उसके फोन में भी रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित ने युसूफ पुत्र मूदा, वसीम और आलम पुत्रगण युसूफ निवासी शाहपुर पर धमकी देने का आरोप लगाया। तहरीर में दावा किया गया कि विपक्षी दबंग किस्म के हैं। उनके खिलाफ थाना शाहपुर में पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं। पीडित ने अपनी जान और माल के खतरे की आशंका जताते हुए बुढाना पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बुढ़ाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# एनसीसी कैडिटों को कराया योगाभ्यास

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. इसमपाल के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में डीएवी इंटर कॉलेज के प्रांगण में 82 बटालियन के वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में योग प्रशिक्षक रविकुमार व पूनम वर्मा के द्वारा योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने एनसीसी कैडेट्स को संतुलित आहार विहार, नियमित दिनचर्या के विषय में जानकारी दी तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के सफल आयोजन में 82 बटालियन के कर्नल प्रवीण भाल व अन्य अधिकारियो का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में लाभार्थी कैडेट्स की संख्या 450 रही। इस शिविर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अयूब भी उपस्थित रहे।



# प्रधानों का कार्यकाल बढ़ने पर हुई धन्यवाद सभा



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानों के कार्यकाल बढ़ाए जाने पर दूधली के ग्राम प्रधान शोभित पुंडीर के आवास पर धन्यवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

जनपद मुजफरनगर के चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दूधली में ग्राम प्रधान शोभित पुंडीर के आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर सुभाष चौहान का ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान शोभित पुंडीर के पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए गांव में हुए विकास कार्यों को गिनाया।ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व प्रधानों की तुलना में वर्तमान कार्यकाल में गांव में अधिक विकास कार्य हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिला है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र कश्यप, जिला कार्यकारिणी सदस्य ब्रजपाल सिंह पुंडीर , ठाकुर दिवाकर सोलंकी, ठाकुर दिव्यप्रताप राणा, सतीश पुंडीर, उदयराज सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।धन्यवाद सभा में मौजूद ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान शोभित पुंडीर को कार्यकाल बढ़ने पर बधाई दी और उनके नेतृत्व में गांव के विकास कार्य आगे भी जारी रहने की उम्मीद जताई।

## युवक पर लाठी डंडों से हमले का आरोप

**सिसौली।** वंश पुत्र सुशील गोस्वामी निवासी नया बाजार सिसौली ने बताया कि बीते दिन उसका भाई गुढ्ढू उर्फ वशीत घर से बाजार गया था। रास्ते में टाऊन हाल के पास गांव के 4 युवकों ने उसे घेर लिया। मिथुन व संदीप पुत्रगण जादो गोसाई, मुकुल व नितिन पुत्रगण बिरजो गुसाई ने उनके भाई के साथ गाली गलौज शुरु कर दी। मना करने पर चारों ने लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर गांव के मनीष पुत्र सोनू कश्यप व सोनू कश्यप मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कर वशीत को बचाया। वंश का कहना है कि ग्रामीणों के आने पर आरोपी धमकी देकर चले गए कि आज तो ये लोग आ गए। इसलिए तुम बच गये। मौका लगते ही तुझे जान से मार देंगे। मारपीट में गुढ्ढू उर्फ वशीत मौके पर ही बेहोश हो गया था। जिसे बेहोशी की हालत में शुभम की मदद से थाने लाया गया। वंश ने तहरीर में कहा है कि उनके भाई के साथ हुई घटना के चश्मदीद गवाह मौजूद हैं।

# सदर बाजार में राहगीरों को बांटी गई शिकंजी

**मुजफ्फरनगर।** हर वर्ष की भांति दीवानी के वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय बाबू अशोक कुमार गुप्ता की 9 वी पुण्यतिथि उनके परिवार अधिवक्ताओं ओर व्यापारियों ने मिलकर बड़े धूमधाम से मनाई ।

सर्वप्रथम स्वर्गीय बाबू अशोक कुमार गुप्ता को याद करते हुए सदर बाजार गली नंबर 1 में पुदीना नींबू शि. कंजी का वितरण किया गया छबील का शुभारंभ जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट,वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व गृहमंत्री सईदुजमा ,समाजसेवी गंगा प्रताप अग्रवाल,इंजीनियर क्लब अध्यक्ष ई0 बृजभूषण गुप्ता,कृष्ण गोपाल मित्तल संयुक्त वैश्य मोर्चा अध्यक्ष,सुनील तायल भाजपा नेता, कांग्रेस नेता सलमान सईद,वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद गुप्ता,वरिष्ठ अधिवक्ता भीमसेन वत्स,संजय मिश्रा संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष द्वारा रिबन काटकर शुभारंभ किया ओर जनता में शिकंजी का वितरण किया।



## शहजाद भट्टी गैंग का शातिर निकला मुजफ्फरनगर का गगनदीप

**लखनऊ ।** जाबांज टीम ने स्लीपर सेल को किया गया ध्वस्त । यूपी के एडीजी कानून व्यवस्था और एडीजी एटीएस अमिताभ यश ने दी विस्तृत जानकारी। यूपी एटीएस-एसटीएफ ने संयुक्त अभियान के तहत राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त 4 आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है , टीम ने सहारनपुर से सहारनपुर के रहने वाले शाहरुख और मेंहबाब, मुजफ्फरनगर का रहने वाला गगनदीप सिंह उर्फ गुरी सिंह और हरिद्वार के रहने वाले मुशर्रफ को पकड़ा , टीम चारों को लखनऊ ले गई , जहां पर चारों ने खुलासा करते हुए बताया की वे पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए काम करते है , इनका काम युवाओ को आतंकी स्लीपर सेल नेटवर्क से जोड़ना का जिम्मा मिला था , सोशल मीडिया और वीडियो कांफेसिंग के जरिए ये चारों पाक हैंडलर्स के संपर्क में रहते थे , आतंकी वारदातों को अंजाम देने की साजिश से जुड़े कई अहम सबूत टीम को मिले है , महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों और हिंदूवादी नेताओं को निशाना बनाने का टास्क दिया गया था , इसके लिए इन्हें लाखों रुपए और हथियार भी मुहय्या भी करा दिए गए थे , लखनऊ ।ै थाने में इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है , दोनों टीम इनसे स्लीपर सेल का खुलासा करने के लिए पूछताछ में जुटी हुई है।

## दस किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मोरना।** पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।जिनसे दस किलो गांजा बरामद हुआ है।आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है। भोपा-मोरना मार्ग पर ककराला पुलिया के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई, जिनके पास से 10.198 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चांद उर्फ चिंटू एवं कमल निवासी मटौर थाना दौराला जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसान यूनियन पदाधिकारियों समेत कई अन्य पर मुकदमा दर्ज

## विद्युतापूर्ति बाधित करने और विभागीय कार्य में हस्तक्षेप का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर थाना क्षेत्र के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सरकड़ा चकराजमल पर कथित रूप से विद्युत आपूर्ति बाधित करने और विभागीय कार्य में हस्तक्षेप करने के मामले में पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के पदाधिकारियों समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सरकड़ा चकराजमल गांव के बीच स्थित है, जिसके चलते ग्रामीण समय-समय पर अपनी समस्याओं को लेकर उपकेंद्र पहुंचते रहते हैं। विद्युत विभाग का कहना है कि 25 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम सरकड़ा, घनश्याम पांडे निवासी ग्राम सरकड़ा तथा अन्य लोगों के साथ उपकेंद्र पहुंचे। आरोप है कि उपकेंद्र पहुंचने के बाद संबंधित लोगों ने विभागीय कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया और उपकेंद्र से पोषित लगभग 14 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी। इससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली व्यवस्था प्रभावित रही और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

विद्युत विभाग के अनुसार विभागीय नियमों के तहत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय-समय पर समाधान किया जाता है, लेकिन इस तरह आवश्यक सेवा में बाधा उत्पन्न करना गंभीर मामला है। घटना की सूचना मिलने पर अवर अभियंता मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद धरना समाप्त कराकर विद्युत आपूर्ति को पुनः सामान्य कराया गया। अवर अभियंता रामकुमार ने इस पूरे प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए धामपुर थाने में तहरीर दी।

तहरीर में कहा गया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आवश्यक सेवाओं में बाधा डालने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नजीबाबाद में एक ही दिन में 13 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा

## अस्पताल में लगी मरीजों की कतार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में आज आवारा कुत्तों का आतंक देखने को मिला। एक ही दिन में 13 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। घायल साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने एंटीरेबीज और टिटनेस के इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज नगर के अलग-अलग इलाकों में आवारा कुत्तों ने लोगों पर हमला कर दिया। देखते ही देखते घायलों की संख्या 13 पहुंच गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर के डा. दिलशाद ने बताया कि आज 21 मरीज कुत्ते के काटने के बाद अस्पताल आए थे। इनमें नजीबाबाद नगर क्षेत्र के 13 मरीज शामिल हैं। घायलों में पंकज, राजू सिंह, वीरेंद्र शर्मा, वीरवती, मीनू, संतोष, मीनू, जगन कुमार, दिनेश शर्मा, मौहम्मद परवेज, पुष्पा अग्रवाल, अवनीत और लक्की शामिल हैं। शेष मरीज ग्रामीण क्षेत्र से आए थे। सभी का इलाज कर घर भेज दिया गया है।

एक ही दिन में इतनी बड़ी संख्या में लोगों पर कुत्ते के हमले की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत के साथ नगर पालिका के प्रति रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन नगर पालिका कोई ठोस कदम नहीं उठा रही।

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

फिलहाल सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने कुत्ते के काटने पर तुरंत रेबीज का इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी है।

## एक नजर

### ताइक्वांडो एकेडमी ने शरबत बांटा



**धामपुर।** एमएस ताइक्वांडो एकेडमी की ओर से ठंडा और मीठे शरबत वितरण का आयोजन किया गया। एमएस ताइक्वांडो एकेडमी कोच दीपिका सिंह शिवानी सिंह ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी पर राहगीरों को राहत देने के लिए लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई और शरबत पिलाने वालों का आभार जताया और बताया कि इस भीषण गर्मी में मीठा शरबत लाना बहुत पुण्य का काम है। इस मौके पर नौरंगाबाद अंबेडकर धर्मशाला के सामने से गुजरने वाले हर राहगीर, रिक्शा चालक और राहगिरों को रोकर ठंडा शरबत पिलाया गया। शरबत वितरण कार्यक्रम में एमएस ताइक्वांडो एकेडमी कोच दीपिका सिंह एवं शिवानी सिंह एवं उनके खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें कार्तिक कुमार, काजल रानी, शोबित, जिशात सिसोदिया, ज्योति रानी, रामकुमार सिंह, पीयूष आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** श्री राम सभागार में बड़े मंगल दिवस पर शीतल पेय पदार्थ का वितरण एवं सुंदर कांड पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। नगीना चौराहे के निकट स्थित श्रीराम सभागार में शाम को सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। पंडित हर्षवर्धन शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा सुंदरकांड का पाठ संगीतमय आयोजित किया गया। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद एवं सहभोज का आयोजन किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर कर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में डा. एनपी सिंह, डा.शिखा सिंह, ई आशीष सिंह शिखा सिंह, संतोष राजपूत, डा.दीपक देवरा, नरेंद्र सिंह एड., नागेश्वर गहलौत, डा.एके सक्सेना, डा.रवेंद्र सिंह मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी आदि शामिल रहे।

### लैब ट्रेनिंग प्रमाण पत्र वितरित



**धामपुर।** दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी के माइक्रो बायोलोजी विभाग में एक माह की माइक्रोबायालोजी लैब ट्रेनिंग कराई गई थी। जिसमें सभी स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लैब ट्रेनिंग कराई गई। जिसके अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग के दौरान क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रा इकरा अजीम पुत्री अजीम अहमद ने प्रथम, छात्रा सनोवर पुत्री तारिक अहमद ने द्वितीय तथा अक्शा पुत्री शमशाद हुसैन ने तृतीय स्थान तथा नाजिश पुत्री सालुददीन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी विद्यार्थियों को उनके भविष्य में बहुत ही उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, प्राचार्य डा. दुष्यंत कुमार जैन, अकेडमिक इंचार्ज अमित कुमार विश्नोई, प्राचार्य (फार्मेसी) डा. विमल भारती, विभागाध्यक्ष प्रीति विश्नोई तथा जोली चौहान एवं मानसी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राधा इंटर कॉलेज में समर कैंप का समापन

## बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में हिस्सा लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राधा इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप का रंगारंग समापन समारोह के साथ समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें डांस, शूटिंग, स्केटिंग, पूल पार्टी, पार्क विजिट, मिक्की माउस एक्टिविटी समेत कई कार्यक्रम शामिल रहे। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बच्चों ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। गौरी राणा, लकी, श्रेया, दीपाली, दीपा, रीतू और आलिया मैम ने बच्चों को नई-नई गतिविधियां सिखाईं। कैंप में सिमरा, विनिता, अदीना, जहांगीर, नीलाक्ष, काव्यांश, इंशा सहित कई बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समर कैंप का आयोजन विद्यालय प्रबंधन के निर्देशन में मुकेश कुमार, अजीत सिंह और अन्य सहयोगियों की देखरेख में संपन्न हुआ।

# बर्दाश्त नहीं होगा सीच पाल एवं सीच पर्यवेक्षकों का उत्पीडन: चंद्रहास सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उ.प्र. जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में जिला कार्यालय पर सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता द्वारा कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण, एसीआर खराब करने की धमक आदि को लेकर बैठक आयोजित हुई।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सिंचाई खंड में कार्यरत सींच पर्यवेक्षकों की एसीपी बहुत पहले लगाई जानी थी, लेकिन अधिशासी अभियंता की हठधर्मिता के चलते हुए आज तक उनकी एसीपी नहीं लगाई गई, जिसको लेकर सभी संगठनों की संयुक्त बैठक कर उनसे संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद सहित सभी संगठनों ने अनुरोध किया गया था। वार्ता में एक सप्ताह में लगाने के लिए आश्वस्त किया गया था, लेकिन समाधान नहीं किया गया। कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जिला मंत्री जितेंद्र कुमार, कुलवीर सिंह, ज्ञानेंद्र चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, सुशील कुमार, मुजफ्फर इस्लाम, अशोक कुमार, अमित कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, विजेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# दोनों पक्ष के 30 लोग मुचलका पाबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम बैरामपुर खजूरी में देवस्थल की भूमि पर शव दफनाने को लेकर उपजे विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के 30 लोगों को मुचलका पाबंद कर दिया है। प्रशासन की सक्रियता के चलते मामला समय रहते सुलझ गया और अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

मंगलवार को गांव निवासी रशीद के निधन के बाद परिजन उनका शव दफनाने के लिए एक स्थान पर कब्र खोद रहे थे। इसी बीच ग्रामीणों को पता चला कि उक्त भूमि कब्रिस्तान की न होकर एक देवस्थल की है, जिस पर उन्होंने कड़ा विरोध दर्ज कराया। विवाद की सूचना मिलते ही धामपुर सीओ अभय कुमार पांडे, नायब तहसीलदार विजय कुमार सिंह और नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सबसे पहले दोनों पक्षों को शांत किया। राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर ही विवादित भूमि की पैमाइश कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि खुदाई देवस्थल की भूमि पर ही की जा रही थी। प्रशासन के कड़े निर्देशों पर पहले खोदी गई कब्र को तत्काल बंद करवाया गया। इसके बाद, राजस्व विभाग द्वारा कब्रिस्तान की निर्धारित भूमि की सही निशानदेही की गई और परिजनों को शव दफनाने के लिए दूसरी उपयुक्त जगह उपलब्ध कराई गई। नहटौर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दोनों पक्षों के 30 लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। वर्तमान में गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

# पीबीएस फूड्स क्षेत्र में गन्ना फसल का निरीक्षण

## आधुनिक खेती और पंचामृत मॉडल अपनाने वाले किसानों की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना विकास विभाग की प्राथमिकताओं और चालू सीजन के डिजिटल गन्ना सर्वे की हकीकत परखने के लिए आज ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर द्वारा पीबीएस फूड्स शुगर मिल क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा कर गन्ना फसल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विभागीय गतिविधियों, जीपीएस आधारित सर्वे और आधुनिक कृषि पद्धतियों की समीक्षा की गई। जीपीएस युक्त (एचएचसी) मशीन से सर्वे की जांच निरीक्षण की शुरुआत ग्राम खेड़की से हुई, जहां सर्वेयर एवं विभागीय गन्ना पर्यवेक्षक मौके पर उपस्थित पाए गए। चीनी मिल द्वारा वर्तमान में जीपीएस युक्त हैंड हेल्ड कंप्यूटर (एचएचसी) मशीन से पारदर्शी सर्वे कार्य कराया जा रहा है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा रैंडम आधार पर कृषक निजामुद्दीन के प्लॉट की मैनुअल फीते से माप कर क्रॉस-वेरिफिकेशन किया गया। जांच में कृषक का रकबा 0. 261 हेक्टेयर पाया गया, जो पूर्व में मापे गए डिजिटल एरिया के बिल्कुल सटीक एवं समीप है। मौके पर फसल के कुछ क्लम्प्स में अर्ली शूट बोरर एवं रूट बोरर का प्रकोप दिखने पर अधिकारी द्वारा किसानों को सिरासगी तथा जैविक नियंत्रण हेतु बवेरिया बैसियाना के प्रयोग की तकनीकी सलाह दी गई। ट्रेंच विधि, ड्रिप इरीगेशन और पंचामृत खेती का जीवंत उदाहरण बताते टीम ने ग्राम अजू नगली का भ्रमण किया। यहां कृषक चरण सिंह एवं सुजीत कुमार के खेतों पर ट्रेंच पद्धति (पैयर्ड रो सिस्टम) से लगाई गई शानदार गन्ना फसल देखी गई। प्रगतिशील किसानों द्वारा जल संरक्षण हेतु खेत में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम स्थापित किया गया है। साथ ही, रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने और एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) के तहत सोलर लाइट ट्रैप एवं फेरोमोन ट्रैप लगाए गए हैं, जिनमें भारी संख्या में टॉप बोरर के मोथ (पतंगे) फंसे पाए गए। इस दौरान अधिकारी ने बताया कि कृषक द्वारा अपनी पेड़ी (रटून) फसल में (रटून मैनेजमेंट डिवाइस) के प्रयोग के साथ-साथ ट्रेस मल्चिंग (गन्ने की पत्तियों को खेत में फैलाना) की बेहतरीन प्रैक्टिस की जा रही है, जो शासन के महत्वाकांक्षी पंचामृतश खेती मॉडल की दिशा में एक बड़ा और अनुकरणीय कदम है।

निरीक्षण के दौरान महिला सशक्तिकरण और उन्नत बीज कार्यक्रम के अंतर्गत पंचशील महिला स्वयं सहायता समूह (बसेड़ी) द्वारा तैयार व वितरित की गई उन्नत गन्ना प्रजातियों की पौध का भौतिक सत्यापन किया गया। ग्राम अज्जू नंगली और गंज में समूहों द्वारा तैयार कॉस 19231, कॉस 18231 और कोलक 16202 प्रजातियों की सीडलिंग का रोपण खेतों में अत्यंत सफल पाया गया।

दौरे के अंतिम चरण में ग्राम तिगरी में चल रहे गन्ना सर्वे की जांच की गई, जहां डेटा मौके से ही ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड होता पाया गया।

# हर घंटे दो छात्र कर रहे आत्महत्या शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले 'कॉमेडी' हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। हर साल नेशनल टेस्टिग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशो. धित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

# मई-जून के लिए स्कूली बच्चों व परिजनों को म्यूजियम एवं स्मारकों में प्रवेश निशुल्क

मुहम्मद जान तुर्की



लखनऊ। विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में सभी को अपना योगदान करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई, 2026 को बैठक करके प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किये जाये।

पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांस्पोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें।

कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्यूनतम किया जाए और एसी का उपयोग भी कम किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाए। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाइयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है।

# भाकियू टिकैत ने खोला मोर्चा

**नहटौर।** भाकियू (टिकैत) ने खाद की किल्लत और किसानों के शोषण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय किसानों ने हाल ही में प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों ने अपनी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। किसानों ने उत्तर सहकारी समिति, नहटौर में डीएपी और यूरिया खाद की अनुपलब्धता की शिकायत की है। उनका कहना है कि खाद की कमी के कारण खेती का कार्य बाधित हो रहा है। यूनियन ने पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित करने की मांग की है। किसानों ने यह भी मांग की है कि खाद के साथ समितियों द्वारा उन्हें जबरदस्ती कोई भी रासायनिक दवा न बेची जाए। इसके अतिरिक्त, श्ऋण सीमाश बनाने के नाम पर किसानों को कार्यालयों के चक्कर लगवाकर परेशान न किया जाए।

# ईद-उल-अजहा को लेकर बाजारों में रही रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर जिले के बाजारों में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है और खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

बड़ा बाजार, गांधी चौक, आजाद चौक और जामा मस्जिद क्षेत्र में बुधवार को सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई। लोग ईद की तैयारियों के तहत कपड़े, सेवईं, ड्राई फूट, मसाले, जूते-चप्पल और घरेलू सामान की खरीदारी करते नजर आए। रेडीमेड गारमेंट की दुकानों पर बच्चों और युवाओं के लिए नए कपड़ों की खास मांग रही, जबकि किरयाना बाजार में सेवईं, मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की बिक्री में तेजी देखी गई। दुकानदारों के अनुसार, ईद के नजदीक आते ही कारोबार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और बाजार देर रात तक गुलजार रहने लगे हैं। जमीअत उलेमा-ए-हिंद के जिला सदर मौलाना साजिद कासमी ने



ईद-उल-अजहा के अवसर पर लोगों से अपील की है कि वे सड़क पर नमाज अदा न करें और शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए तथा किसी भी समुदाय को परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए, खुले में कुर्बानी से बचा जाए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही कुर्बानी के दौरान फोटो या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल न करने की भी अपील की गई।

**ईद की नमाज का समय**

**कैराना रोड स्थित ईदगाह:** सुबह 6:00 बजे
**सलेक विहार स्थित मुहम्मदी** मस्जिद: 6:15 बजे
**पंसारियान स्थित फतेहपुरी** मस्जिद: 6:30 बजे
**आजाद चौक स्थित मस्जिद कुरैशियान:** 6:45 बजे

## ग्राम प्रधान पर फोन पर गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव बरनावी निवासी एक युवक ने ग्राम प्रधान पर फोन कर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना कैराना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

ग्राम बरनावी निवासी जीशान पुत्र अलमदीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अपने भाई मारूफ के साथ पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। बाद में गांव के जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। आरोप है कि उसका भाई मारूफ गांव के प्रधान इरफान पुत्र मंजूरा के प्रभाव में है और ग्राम प्रधान गांव की गुटबाजी के कारण उससे रंजिश रखता है। जीशान का आरोप है कि 24 मई की रात ग्राम प्रधान ने अपने मोबाइल फोन से उसके मोबाइल नंबर पर दो बार कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा गंभीर परिणाम भुगतने और देख लेने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि बातचीत की रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल फोन में सुरक्षित है, जिसे वह पुलिस को उपलब्ध करा सकता है। पीड़ित ने थाना कैराना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी और आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# बिजली की आंख मिचौली से परेशान किसानों का हंगामा, टोडा बिजलीघर पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में लगातार लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान किसानों का गुस्सा मंगलवार रात टोडा बिजलीघर पर फूट पड़ा। सिंचाई संकट और मोटरों के खराब होने से नाराज किसानों ने बिजलीघर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और बिजली सप्लाई व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

किसानों का कहना था कि बिजली विभाग की अनियमित आपूर्ति के कारण धान की फसल प्रभावित हो रही है और लगातार आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि दो फीडर रात में और एक फीडर दिन में चलाया जाए, जबकि अगले चक्र में अन्य दो फीडरों को रात में सप्लाई दी जाए, जिससे सभी गांवों को समान रूप से बिजली मिल सके और सिंचाई व्यवस्था सुचारु रहे। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। पर्याप्त वोल्टेज न मिलने के कारण



टड्यूबवेल ठीक से नहीं चल पा रहे, जिससे खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा और धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने यह भी कहा कि खराब बिजली व्यवस्था के कारण दो ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं और कई किसानों की मोटरें भी खराब हो चुकी हैं। इस दौरान किसान राजीव, मोनित, मुकुल, हरमेर, सतीश, भूरू सहित कई किसान देर रात तक बिजलीघर पर डटे रहे। किसानों के दबाव के बाद रात में टोडा-डाबर फीडर की सप्लाई चालू कराई गई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। जेई जय आजम अकबर ने बताया कि शामली-शामला बिजलीघर से एक साथ अधिक लोड चलाने की अनुमति नहीं है, इसी कारण फीडरों को अलग-अलग समय पर चलाया जा रहा है। हालांकि किसानों की समस्या को देखते हुए फिलहाल सहमति के आधार पर सप्लाई व्यवस्था संचालित की जा रही है।

**एक नजर**

## संगठित अपराध में शामिल गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की गाज

**चौसाना।** झिंझाना थाना पुलिस ने गौतस्करी, प्रतिबंधित गोवंश के अवैध परिवहन और पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल एक संगठित गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार कसाना की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में गिरोह का सरगना मुकर्रम पुत्र मुनव्वर निवासी बल्लामाजरा थाना झिंझाना को बताया गया है। पुलिस के अनुसार मुकर्रम अपने साथियों इमरान, सादाब, सावेज, आजम उर्फ सुक्का, अहसान और इस्लाम के साथ मिलकर गौवंश चोरी, गौवध के लिए प्रतिबंधित पशुओं का परिवहन और अवैध हथियारों के इस्तेमाल जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। आरोप है कि यह गिरोह पुलिस कार्रवाई के दौरान फायरिंग कर फरार होने का प्रयास भी कर चुका है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था। सभी के खिलाफ झिंझाना थाने सहित विभिन्न मामलों में गौकशी, अवैध असलाह, चोरी और पुलिस मुठभेड़ से संबंधित मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने क्षेत्राधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट स्तर से अनुमोदन के बाद गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत कार्रवाई की है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर में पुरानी रंजिश को लेकर देर रात एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहल्ला रेलपार गली नंबर 5 निवासी लवी शर्मा पुत्र जितेन्द्र शर्मा अपनी मौसी रीतु के साथ मंगलवार देर रात बाजार किसी कार्य से गया था। बताया जा रहा है कि जब वे हनुमान रोड पर पहुंचे, तभी करीब आधा दर्जन युवकों के एक गुट ने अचानक लाठी-डंडों से लवी पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट के बाद मौके से फरार होने से पहले जान से मारने की धमकी भी दी। घायल अवस्था में लवी को परि. जनों द्वारा शामली जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। पीड़ित लवी शर्मा ने बताया कि करीब चार महीने पहले उसके छोटे भाई वरुण पर भी आरोपितों ने ट्यूशन जाते समय हमला किया था, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी और इस मामले में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सरस्वती के छात्र ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क पहुंचे

शामली। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के कक्षा नौ एवं दस के विद्यार्थियों को मंगलवार को करनाल स्थित कर्ण झील एवं ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क में वन विहार के लिए ले जाया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा भीषण गर्मी से राहत दिलाने एवं विद्यार्थियों के मानसिक विकास के उद्देश्य से तीन बसों के माध्यम से 149 छात्र एवं आचार्यों को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कर्ण झील पर बोटिंग का आनंद लिया तथा ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क में स्लाइडिंग, वाटर बोट, राफ्टिंग, आकर्षक झूलों एवं म्यूजिकल फाउंटेन का भरपूर लुत्फ उठाया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शैक्षिक एवं मनोरंजक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इस अवसर पर संस्था के उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, सुभाषचन्द, अमन कुमार, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, शुभम कुमार, सीताराम, रवि कुमार, धीरज कुमार, मुदित एवं रजत कुमार सहित अन्य आचार्य मौजूद रहे।

## 66.80 लाख की अवैध स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

शामली। झिंझाना पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 334 ग्राम अवैध स्मैक और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। पुलिस के अनसार बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 66 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस टीम ने देर रात चेकिंग अभियान के दौरान दोनों आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में उनकी पहचान मुबारिक और साजिद पुत्रगण नकीम निवासी गांव घिस्सावाला, अम्बेहटी थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनपद शामली में गर्मी का प्रकोप: तेज धूप और लू के थपेड़ों से जनता हुई बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह 10 बजे ही तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित रहा।

दोपहर के समय शहर के बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। जरूरी कार्य से बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढंककर



चलते नजर आए। बड़ा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, कबाड़ी बाजार, माजरा रोड और नेहरू मार्केट सहित कई स्थानों पर दोपहर के समय बाजार लगभग खाली दिखाई दिए। राहगीर छांव और ठंडे पानी की तलाश करते नजर आए।

भीषण गर्मी का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर में घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है। वहीं बढ़ती गर्मी के कारण बिजली और पानी की मांग भी बढ़ गई है तथा कई स्थानों पर बिजली कटौती से लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।

## अदालत ने चार लोगों को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सुनाई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हत्या के प्रयास के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र नाथ सिंह ने 6 साल पुराने मामले में एक ही परिवार के चार लोगों को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए कपूरी गोविंदपुर गांव निवासी बुंदी, भाई सतपाल और बुंदी के बेटे संदीप और सचिन को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। तीन फरवरी 2020 को हुए घटनाक्रम में गांव के ही सहेंद्र पाल ने चारों लोगों पर आरोप लगाया था कि गांव के रविदास मंदिर में चल रही रविदास जयंती की तैयारी कर रहे लोगों के साथ वह गाली गलौज कर रहे थे। इस दौरान बेटे आस्तिक कुमार ने उन्हें रोकने चाह तो उक्त लोगों ने उस पर लाठी डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। मामले में सहेंद्र पाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद बुंदी, सतपाल, संदीप और सचिन को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कारावास और 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# बदमाशों ने कार सवारों पर की फायरिंग, गोली लगने से एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आई-20 कार सवार चार दोस्तों पर बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। घटना में एक युवक गोली लगने से घायल हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कार के ऊपर कई राउंड फायरिंग के निशान मौजूद हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि कार सवार युवकों के पास अवैध पिस्टल था और एक्सिडेंटल फायर से युवक घायल हुआ है।

बुधवार की दोपहर करीब दो बजे भायला गांव में नहर के निकट एक कार पर बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की सूचना से पुलिस प्रशासन में हडकंप मच गया। तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर एक युवक गोली लगने से घायल पड़ा हुआ था। पुलिस ने उसे देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया



गया। घायल युवक की पहचान 25 वर्षीय मोनिस पुत्र शराफत निवासी पंडोली रोड नागल के रूप में हुई है। कार में तीन युवक और सवार थे जो संयोगवश बाल बाल बच गए। कार के बोनट और सामने वाले शीशे पर छह से अधिक गोलियों के निशान मौजूद हैं जिससे प्रतीत होता है कि कार पर हमला सामने से किया गया है। चर्चा है कि बाइक सवार बदमाशों



ने कार सवार दोस्तों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उन्हें जान से मारने का प्रयास किया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि एक्सीडेंटल फायरिंग में युवक घायल हुआ है। घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। सूचना मिलने पर एसपी देहात मयंक पाठक भी मौके पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली।

आई-20 कार में सवार युवक पिस्टल से गोली चलने के कारण घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल व उसके साथियों से पूछताछ की तो पता चला कार सवार चारों दोस्त कहीं जा रहे थे जिनके पास अवैध पिस्टल था उस पिस्टल की मिस्हेंडलिंग के दौरान यह एक्सीडेंटल फायर हुआ है जिसमें युवक घायल हुआ है। घटना के संबंध में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ओएचई तारों से टकराई हाइड्रा मशीन, चालक बाल-बाल बचा

**देवबन्द।** भायला रेलवे फाटक के निकट रेलवे ट्रैक के बीचों बीच गार्डर डालने वाली हाइड्रा मशीन का कुंडा ओएचई तारों से टकरा गया। इससे जहां तारों मे से भयंकर चिंगारियां निकलने लगी वहीं, तेज धमाके से हाइड्रा मशीन का एक टायर भी फट गया। घटना को लेकर मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। भायला रेलवे फाटक पर काफी समय से ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है। रेलवे ट्रैक के बीच में लोहे के गार्डर डालने के लिए हाइड्रा मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। बुधवार की शाम करीब 4.30 बजे हाइड्रा मशीन का कुंडा ओएचई तारों से टकरा गया, जिससे तारों में तेज स्पार्किंग होने लगी। देखते ही देखते तेज धमाके के साथ हाइड्रा मशीन का टायर फट गया। जिससे आसपास खड़े लोग इधर उधर भागने लगे। बाद में रेलवे के इलेक्ट्रिक विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच ओएचई तारों पर रस्सा डाल हाइड्रा मशीन के तारों से टच हुए मशी के कुंडे को अलग किया। बाद में वहां से मशीन हटवाई गई। रेलवे स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि हाइड्रा मशीन का कुंडा ओएचई तारों से टच होने पर स्पार्किंग हुई थी। कोई जनहानि नहीं हुई है।



# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में 'इंडिया इन वन फ्रेम' नाम से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मोह लिया।

बाईपास रोड तालीमाबाद स्थित नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम में कार्यक्रम में विख्यात कवि डा. हरिओम पंवार, मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. अख्तरुल वासे, केंद्रीय विद्यालय देहरादून के पूर्व प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत सिंह और सहारनपुर चर्च के पादरी फादर जॉन चिमन विशेष रूप से




मौजूद रहे।

देश की एकता और अखंडता को दर्शाते इस भव्य कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में कक्षा 10 की टॉपर छात्रा आमना मुकर्रम एवं द्वितीय स्थान पर रही अशरा मुशर्रफ, जुवेरिया शाह, अनम अनवर, हनीफ असद व तृतीय स्थान पर रही जुहा हारिस एवं कक्षा 12 में स्कूल टॉप




करने वाली सफीना महबूब एवं विज्ञान विषय में देवबंद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कहकशा मुर्तजा एवं मिशकात को स्कॉलरशीप और प्रशस्ति पत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस कर नगर का नाम रोशन करने वाली स्कूल की पूर्व छात्रा राफिया उस्मान और अदीबा अनीस को भी विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन स्कूल के संस्थापक एवं विख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी ने स्वयं किया।

सत्येंद्र पाल सिंह बिट्टू, उपजिलाधिकारी विजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व अभिभावक शामिल रहे। अंत में प्रधानाचार्य फौजिया नवाज और डा. अब्दुल्ला नवाज ने सभी का आभार जताया।

### बेटियों को शिक्षित करने का जज्बा देश को देगा नई दिशा : हरिओम पंवार

देवबंद। नवाज गर्ल्स स्कूल में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे देश के प्रख्यात कवि डा. हरिओम पंवार ने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की में उस समाज की शिक्षित बेटियों का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए डा. नवाज देवबंदी के योगदान को सराहते हुए कहा कि पहले डा. नवाज केवल उर्दू शायर के रूप में देश व दुनिया में जाने जाते थे लेकिन अब वह शिक्षाविद के रूप में जाने जाते हैं। कहा कि बेटियों को शिक्षित करने का डा. नवाज का मिशन देश को नई दिशा और रोशनी देगा।



## सर्जिकल कोटन फैक्ट्री में लगी आग


**देवबन्द।** सर्जिकल कोटन बनाने की फैक्ट्री में बुधवार की सुबह भीषण आग लग गई। फैक्ट्री से उठती आग की लपटों और धुएं से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक वहां रखा लाखों रुपयों का सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने का कारण शोर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मोहल्ला मीर की सराय निवासी अफजल ने करीब दो महीने पहले स्टेट हाईवे पर सैनियों की सराय के निकट पूजा जोत और सर्जिकल कोटन बनाने की फैक्ट्री लगाई थी। बुधवार की सवेरे फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। धुंआ और आग की लपटें उठती देख मौके पर हडकंप मच गया। मोहल्लावासियों ने दमकल कर्मियों को सूचित करते हुए आग बुझाने का प्रयास किया।

# पूरी मजबूती से होगा जनहित में संघर्षः हाजी फजलुर्रहमान

## पूर्व सांसद ने बेटों के साथ की सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता हाजी फजलुर्रहमान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उत्तर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, आगामी चुनावी रणनीतियों तथा जनता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से सार्थक चर्चा हुई।



मुलाकात के दौरान हाजी फजलुर्रहमान ने उत्तर प्रदेश के साथ ही सहारनपुर मंडल की राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र की जनता की समस्याओं, किसानों, व्यापारियों, युवाओं एवं अल्पसंख्यक समाज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों और अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश की जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच कार्य करेगी तथा प्रदेश में सकारात्मक राजनीतिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी।

इस दौरान पूर्व सांसद पुत्र व युवा सपा नेता मोनिस रजा, पूर्व सांसद पुत्र अलतमश रहमान, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस का पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा के मद्देनजर एसडीएम बेहट और क्षेत्राधिकारी बेहट के संयुक्त नेतृत्व में विभिन्न संवेदनशील गांवों में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त और फ्लैग मार्च किया।

प्रभारी निरीक्षक थाना फतेहपुर की मौजूदगी में पुलिस बल ने क्षेत्र के ग्राम चौबारा, ग्राम फतेहपुर, नवादा और ग्राम मुजफ्फराबाद में फ्लैग मार्च निकाला।फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों और पुलिस टीम ने ग्रामीणों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। अफसरों ने दोटूक शब्दों में कहा कि त्योहार के दौरान कुर्बानी केवल पूर्व निर्धारित और सुरक्षित स्थानों पर ही की जाए। इसके साथ ही जनता से अपील की गई कि वे किसी भी तरह की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें।

# पत्रकारों के लिए भी हो टोल फ्रीः जावेद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुजफ्फरनगर के चारों टोल प्लाजा को अधिवक्ताओं के लिए फ्री किए जाने पर डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष जावेद साबरी ने हर्ष व्यास करते हुए कहा कि पत्रकारों के लिए भी टोल प्लाजा फ्री किया जाए।

मुजफ्फरनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एवं महासचिव सुरेन्द्र कुमार मलिक बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अधिवक्ताओं के लिए जनपद में स्थित टोल प्लाजा को टोल शुल्क मुक्त कराने की घोषणा की गई थी, जिस पर लगातार प्रशासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे थे। बार एसोसिएशन के अनुसार जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं के हित में इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए जनपद मुजफ्फरनगर के अधिवक्ताओं के लिए जिले में स्थित चार प्रमुख टोल प्लाजा - काजीखेड़ा, रोहाना, छपार एवं मीरापुरखुर्दपर टोल शुल्क में छूट प्रदान कर दी है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए अधिवक्ता को अपने बार काउंसिल का मूल सीओ वाहन में साथ रखना अनिवार्य होगा। साथ ही जिस वाहन को टोल मुक्त सुविधा दी जाएगी उसमें संबंधित अधिवक्ता की उपस्थिति भी आवश्यक होगी।दोनों शर्तें पूरी होने पर ही टोल शुल्क में छूट मिलेगी। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने इस निर्णय के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए इसे अधिवक्ता समाज के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के चेयरमैन जावेद साबरी हर्ष व्यास करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के लिए जिस प्रकार से टोल प्लाजा फ्री किया गया है उसी की भांति पत्रकारों के लिए भी टोल प्लाजा फ्री किया जाए क्योंकि पत्रकार केंद्र एंव प्रदेश सरकार की नीतियों को प्रसारित और प्रचारित करते हैं और वह समाज के विकास में सहयोगी भी होते हैं इसलिए अधिवक्ताओं की तर्ज पर पत्रकारों के लिए भी टोल प्लाजा फ्री किया जाए उन्होंने बताया कि संबंध में सांसद इमरान मसूद, सांसद हरेंद्र मलिक नगर विधायक राजीव गुम्बर, महापौर डॉ अजय सिंह समेत निवर्तमान जिलाधिकारियों को ज्ञापन दिया जा चुका है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही हो पत्रकारों के लिए भी टोल प्लाजा फ्री किया जाए।जिलाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने कहा कि जनपद के समस्त टोल प्लाजा को भी पत्रकारों के लिए फ्री किए जाएं क्योंकि पत्रकार सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में अपना योगदान देते हैं और किसानों के लिए पहले ही टोल प्लाजा फ्री है ऐसे में पत्रकारों के लिए यह मांग पूरी तरह जायज है।

# यूपी एटीएस व एसटीएफ ने किए स्लीपर सेल के चार आतंकी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डिजिटल प्लेटफार्म से चल रही देशविरोधी गतिविधियों पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने कडा प्रहार करते हुए पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल को ध्वस्त करने में एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने सहारनपुर के महकाब और शाहरुख सहित 4 आरोपी गिरफ्तार किया है।





यूपी एटीएस एवं एसटीएफ की संयुक्त जांच के उपरांत यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल से जुड़े चार अभियुक्तों महकाब निवासी सहारनपुर, गगनदीप उर्फ गुरी सिंह निवासी मुजफ्फरनगर, शाहरुख निवासी सहारनपुर तथा मुशर्रफ निवासी हरिद्वार को सहारनपुर से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में अभियुक्तों के सोशल मीडिया एवं वीडियो कॉलिंग के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में होने तथा संवेदनशील स्थलों की रेकी, युवाओं को जोड़ने और आतंकी विध्वंसक गतिविधियों की साजिश में शामिल होने के तथ्य सामने आए हैं।

इस संबंध में थाना, एटीएस लखनऊ में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेसियों ने पं.जवाहर लाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व.पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।






जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक भारत का आर्किटेक्ट बताया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने जिस तरह से देश के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए किसानों, मजदूरों, जवानों, युवाओं, महिलाओं और विशेष तौर पर देश के नौनिहालों के लिए आधुनिक भारत का एक ब्लूप्रिंट तैयार किया वह आज भी अद्वितीय है। इसके अतिरिक्त पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पाल. वाल ने भी विचार रखे।

इस दौरान गणेश दत्त शर्मा, अक्षय चौधरी, नसीब खान, राजन बिरला, श्रीमती सुमन, पंडित सुमन शर्मा, सरदार प्रभजीत सिंह, अजय गुर्जर, निखिल गुर्जर, शहवाज, विक्रम वोहरा, रवि कुमार, मोहम्मद सलमान, राजेश कुमार, ललित सिंह, अश्वनी राठौर, मुरसलीन मद्दा, चौधरी एहसान, बाल सिंह, संजय कुमार, सुनील कुमार निक्कू आदि मौजूद रहे।

महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि स्व. जवाहर लाल नेहरू जी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास, हिन्दू कोड बिल, किसानो को सिचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए बांध बनावाये और एक मजबूत भारत की नीव रखने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके कारण आज भारत विश्व स्तर पर नई पहचान बना पाया है। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल, पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, जिला सेवादल अध्यक्ष इमरान कुरेशी ने भी अपने विचार सभा में रखें।

इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी हरिओम मिश्रा, अक्षय चौधरी, एडवोकेट शाह बाज आजाद, उपाध्यक्ष यूनुस सिद्धिकी, बरकत अंसारी, युनुस अंसारी रवि कुमार ,राकेश मोहन शर्मा, अजगर आलम, अमनदीप कोर, नसीब खान जमाल अहमद, अजय गुर्जर, निखिल गुर्जर आदि वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

## वांछित दबोचा

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को दबोच लिया।

मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को वादी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आरोपी फैसल पुत्र ताहिर निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात ने उसकी पुत्री को निकाह का झांसा देकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने से दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।

# संगठन का होगा विस्तारः चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि मिशन 2027 की तैयारी के लिए उत्तराखंड के हर जिले में संगठन का विस्तार किया जा रहा है।



एक रेस्तरां में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कमेटियां बनाकर पार्टी की स्थिति को मजबूत करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण की विचारधारा का प्रचार प्रसार पूरे उत्तराखंड में किया जाएगा। संगठन को मजबूती देने के लिए अगले महीने देहरादून में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, वरिष्ठ नेता योगेश प्रताप सिंह, भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राजदीप, राज छाबड़ा, सूर्य प्रकाश, वरुण छाबड़ा आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अपने किरदार व अपने घर की इस्लाह जरूरीः मौलाना उस्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कस्बा नकुड़ में हजरत शेखुल हदीस मौलाना मुहम्मद जकरिया रहमतुल्लाह अलैह के नवासे व जानशीन मौलाना सैयद मुहम्मद उस्मान की आमद पर एक अजीम रूहानी व इस्लाही इज्तिमा आयोजित किया गया।



नमाज-ए-मगरिब के बाद हजरत वाला खानकाहे यामीन तशरीफ लाए। ईशा की नमाज के बाद मरकज मस्जिद बंजारान में आयोजित बयान में हजरत मौलाना सैयद मुहम्मद उस्मान साहब ने इस्लाहे मआशरा, फिक्र-ए-आखिरत, वालिदैन की खिदमत, नौजवानों की दीन से दूरी, मोबाइल और बे-हयाई के बढ़ते असर, आपसी नफरत और टूटते रिश्तों जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर रोशनी डाली। हजरत वाला ने फरमाया कि आज इंसान दुनियावी चमक-दमक में अपने रब को भूलता जा रहा है। घरों से दीन का माहौल खत्म होता जा रहा है, औलादें मोबाइल और फिजूल मशगलों में गुम हैं, जबकि कामयाबी सिर्फ अल्लाह की याद, नेक अखलाक और सुन्नत की पैरवी में है। उन्होंने कहा कि अगर समाज को बर्बादी से बचाना है तो हर इंसान को अपने किरदार और अपने घर की इस्लाह से शुरुआत करनी होगी। हजरत वाला की नसीहतों को लोगों ने बड़ी तवज्जो और अकीदत के साथ सुना। इस मौके पर मौलाना मुनव्वर हुसैन, मुफ्ती जुनैद मजाहिरी, मुफ्ती नदीम रशीदी, मौलाना गालिब, मौलाना अब्दुर्रहमान, हाफिज शाहिद, इरफान यामीन, जमील अहमद, लियाकत अली, शारिक राव, अफ्फान अंसारी, एडवोकेट राव शावेज, हाजी कलीम, सुलेमान निजामी समेत बड़ी संख्या में उलमा, गणमान्य लोग और अकीदतमंद मौजूद रहे। अंत में मुल्क में अमन, भाईचारे, इंसानियत और उम्मते मुस्लिमा की भलाई के लिए दुआ कराई गई।

# विधायक उमर व आशु के साथ डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी ईद उल अजहा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को सर्किट हाउस में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहारनपुर देहात विधायक आशु मलिक, बेहट विधायक उमर अली खान तथा शहर विधायक राजीव गुंबर सहित विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक के दौरान ईद-उल-अजहा के अवसर पर जिलेभर में निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि त्योहार के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी विद्युत समस्याओं को प्रमुखता से अधिकारियों के समक्ष रखा। देहात विधायक आशु मलिक, शहर विधायक राजीव गुंबर एवं बेहट विधायक उमर अली खान ने बिजली कटौती, जर्जर विद्युत लाइनें, खराब ट्रांसफार्मर और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बेहतर विद्युत व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन और विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा ईद-उल-अजहा के दौरान किसी भी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बाधित न होने पाए। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने और आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमों को सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए।

बैठक में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए आमजन को सुचारु सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

# चर्चित नेत्री कोमल गुर्जर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा/नकुड़।** सरसावा पुलिस ने बुधवार को कोमल गुर्जर को हिरासत में लेकर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना रहा।

थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने बताया कि बीते दिनों पिलखनी पीजीआई प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर हुए विवाद के बाद कोमल गुर्जर, प्रवीण अलीपुरा के घर पहुंच गई थीं। आरोप है कि वहां गालीगलौच की गई, पीड़ित द्वारा जिसकी तहरीर थाने में दी जा चुकी थी।

पुलिस के अनुसार बुधवार को कोमल गुर्जर ने थाने के सामने हंगामा करने का प्रयास किया, जिससे माहौल बिगड़ने की आशंका पैदा हो गई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गोपनीय तरीके से हिरासत में लिया और सरसावा सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया। बाद में उन्हें नकुड़ स्थित एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई है।

# पं.अंकित के साथ डिप्टी सीएम से मिला डेलिगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधायक शिक्षक स्नातक श्रीचंद्र शर्मा से सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रभारी प. अंकित शर्मा जिले के समस्त ब्राह्मण और सवर्ण समाज की और से लखनऊ पदाधिकारियों के साथ उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पर मिले और उन्हें महासभा के और से ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की।



प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री को सहारनपुर के पुजारी प्रकरण पर पूरी जानकारी दी और वास्तविकता से अवगत कराया। तत्काल उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं विधायक श्रीचंद्र शर्मा ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत सहारनपुर कप्तान और एसपी को फोन कर तत्काल प्रभाव से तुरंत निष्पक्ष जांच कर जो पक्ष दोषी है उसके खलिाफ कड़ी से कड़ी से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

राष्ट्रीय प्रभारी अंकित शर्मा उपमुख्यमंत्री आवास पर नम्रता पाठक से भी इस प्रकरण को लेकर मिले। उन्होंने भी तत्काल इस उचित निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया। उधर लखनऊ के बाबा कोतवाल कहे जाने वाले कोतालेश्वर महादेव के महंत विशाल गौड़ ने डीजीपी कार्यालय में फोन कर पूरे प्रकरण संज्ञान दिया जिस पर उनके कार्यालय से निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिला। महासभा ने कहा जल्द ही उचित कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प. अंकित शर्मा राष्ट्रीय प्रभारी ब्राह्मण महासभा, सचिन तिवारी अध्यक्ष लखनऊ, श्रीमती अनीता मिश्रा कवियत्री महिला अध्यक्ष आदि लोग मौजूद थे।

## थाना फतेहपुर पुलिस ने दबोचा नशा तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पुलिस टीम ने मुजफ्फराबाद क्षेत्र से एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध चरस बरामद की है।

थाना फतेहपुर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुजफ्फराबाद से एसबीआई बैंक की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर, आम के बाग के पास से एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान भूषण (उम्र 27 वर्ष) पुत्र राजपाल, निवासी ग्राम फरकपुर नवादा, थाना फतेहपुर, सहारनपुर के रूप में हुई है।

## मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**चिलकाना।** पीड़ित युवक ने ट्यूबवेल पर हाथ पैर धोते समय अज्ञात युवको द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए घायल करने का आरोप लगाया।

पीड़ित सरफराज पुत्र महमूद निवासी ग्राम बकारका थाना चिलकाना ने बताया है कि विगत 25 मई को वह ग्राम कालूमाजरा से वापस आ रहा था, कि तभी रास्ते मे ग्राम पटनी स्थित ईदगाह व पैट्रोल पम्प के निकट रुका और वहां पर लगे हुए एक ट्यूबवैल पर हाथ पैर धोने लगा। आरोप है कि इसी दौरान वहां पर अज्ञात युवक तथा एक युवती आये और पीड़ित पर उनकी विडियो बनाने का झूठा आरोप लगाया।


**सूचना**

मेरा नाम पहले जागृति था, लेकिन वर्ष 2024 कक्षा 10 की परीक्षा में मैने अपना नाम तान्या सिंह रख लिया था। जागृति व तान्या सिंह दोनो मेरे ही नाम है। वर्तमान व भविष्य में तान्या सिंह के नाम से ही पुकारा व पहचाना जाये।

**जागृति उर्फ तान्या सिंह पुत्री श्री ब्रज मोहन निवासी कपिल विहार, थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD SAAD से बदलकर MOHD SAAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**MOHD SAAD S/o ABDUL RAZZAQ R/o NEAR ARBI MADARSA, CHOB FAROSHAN, SAHARANPUR, U.P.-247001**

**सूचना**

मैने संदीप कुमार पुत्र चरणपाल व श्रीमति कविता देवी पत्नि संदीप कुमार निवासीगण बुड्ढाखेडा गुर्जर परगना व तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर के पुत्र अक्षित पंवार को उनकी रजामंदी, रिश्तेदारों व बिरादरी के समक्ष 15.03.2013 को गोद ले लिया था। कानूनी रूप से अक्षित पंवार मेरा पुत्र है और उसे मेरे पुत्र होने के सभी कानूनी अधिकार प्राप्त है। उसके भरण पोषण की जिम्मेदारी मेरे द्वारा निभाई जा रही है।

**श्रीमति तारावती पत्नि स्व. पवन सिंह निवासी ग्राम बुड्ढाखेडा गुर्जर, परगना व तहसील रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर।**

# राजस्थान ने एसआर को 244 रन का टारगेट दिया



**■ हैदराबाद को पारी की दूसरी बाल पर झटका, सूर्यवंशी ने 97 रन की पारी खेली, क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा**

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए।

जवाब में हैदराबाद ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और ट्रैविस हेड क्रीज पर हैं। टीम को पारी की दूसरी ही बाल पर पहला झटका लगा। जोफ्रा आर्चर ने अभिषेक शर्मा को आउट कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। उन्होंने पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए। वैभव एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे, जबकि सूर्यवंशी इस सीजन 65 सिक्स जमा चुके हैं।

ध्रुव जुरेल ने अपनी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद ने शानदार वापसी करते हुए सिर्फ 5 रन दिए। नांद्रे बर्गर रन आउट हो गए, जबकि रवींद्र जडेजा आखिर तक 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 243/8 के स्कोर तक पहुंची। नीतीश रेड्डी ने शानदार ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए और जोफ्रा आर्चर का विकेट भी लिया। आर्चर लो फुलटॉस पर बड़ा शाट लगाने गए, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर गई जहां अभिषेक शर्मा ने बेहत. रीन कैच पकड़ लिया। दासुन शनाका ज्यादा देर टिक नहीं सके और 5 रन बनाकर आउट हो गए। ईशान मलिंगा की शार्ट गेंद पर बड़ा शाट लगाने की को. शिश में वह चूक गए और अभिषेक शर्मा ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में रियान पराग की पारी का अंत हो गया। चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर रहे पराग ने शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन हेनरिक क्लासन ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। प्रफुल हिंगे ने उन्हें 12 गेंदों में 26 रन पर आउट किया। ध्रुव जुरेल ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रफुल हिंगे ने उन्हें आउट कर दिया। जुरेल 21 गेंदों में 50 रन बनाकर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट हुए। 14 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 192/3 है। युवराज सिंह भी सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, बास बेबी ने दुनिया के दिग्गजों का रिकार्ड तोड़ दिया! यकीन करना मुश्किल है, इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। ध्रुव जुरेल ने पैट कमिंस के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। इस ओवर में 17 रन बने। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 168/2 हो गया है। 11वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 29 रन बनाकर आउट हो गए। शिवांग कुमार की गुगली पर जायसवाल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 97 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने प्रफुल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन आर स्मरण ने शानदार कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 65 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं।

# जीटी की ग्राउंड फील्डिंग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी: गिल

**■ पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया**



**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 92 रनों की करारी हार झेलने के बाद गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि ग्राउंड फील्डिग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। पहले गें. दबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया।

सबसे अहम मौका कगिसो रबाडा ने 14वें ओवर में प्रसिद्ध कृणा के सामने बल्लेबाजी कर रहे रजत पाटीदार का गंवाया, उस समय पाटीदार 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर ही खेल रहे थे। 14 ओवर की समाप्ति के बाद आरसीबी का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 140 रन था जो कि धर्मशाला की हाई स्कोरिग पिच को देखते हुए एक पार स्कोर था। इसके बाद पाटीदार ने आक्रमण शुरू किया और अंतिम छह ओवर में आरसीबी ने 114 रन बटोर लिए। पाटीदार ने 33 गेंदों पर नाबाद 93 रनों की पारी खेली। गिल ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें, 13वें ओवर तक हम अच्छी तरह आगे बढ़ रहे थे और मुझे नहीं लगता कि फील्डिग उतनी अच्छी थी। हमने कुछ कैच छोड़े और फिर ग्राउंड फील्डिग भी उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। जीटी की आधी टीम भी पावरप्ले में ही पवेलियन लौट गई थी और 51 के स्कोर पर उनके पांच विकेट गिर चुके थे। एक समय तो वह 88 पर आठ थे लेकिन राहुल तेवतिया के अर्धशतक की बदौलत वह 162 तक पहुंचने में सफल रहे। अंतिम ओवर में उनकी पारी सिमट गई। गिल ने कहा, दबाव भरी परिस्थितियों में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर आप इस ग्राउंड में पावरप्ले में अच्छा स्कोर करते हैं तो हमें पता है कि यहां गेंद ट्रैवल करती है और यहां की आउटफील्ड भी काफी तेज है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी, वैसी परिस्थिति में अगर एक अच्छा पावरप्ले जाता तो इस तरह के मैदान और परिस्थितियों में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

जीटी के पास फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका 29 मई को क्वालीफायर 2 में होगा जब वह न्यू चंडीगढ़ में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। अफगानिस्तान ने की भारत के साथ आगामी सीरीज के लिए टीम की घोणा काबुल। अफगानिस्तान ने हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई में भारत के साथ आगामी टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोणा कर दी है। यह टेस्ट मैच 2018 के बाद से भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली रेड-बॉल भिड़ंत होगी, जब अफगानिस्तान ने टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया था। अफगानिस्तान टेस्ट टीम में स्टार स्पिनर राशिद खान और बल्लेबाज इब्राहिम जदरान शामिल नहीं हैं, हालांकि दोनों खिलाड़ियों को भारत के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट टीम में नांग्याल खारोटी, बिलाल सामी और रहमानुल्लाह जदरान को पहली बार शामिल किया गया है, जबकि स्पिनर कैस अहमद सेटअप में वापस आ गए हैं। सेदिकुल्लाह अटल और अजमतुल्लाह ओमरजई को भी शामिल किया गया है, दोनों खिलाड़ियों ने अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला है, जो 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ था। इस बीच, भारत सीरीज के दोनों लेग के लिए अपनी टीम में जसप्रीत बुमराह की सर्विस नहीं लेगा। सीरीज छह जून को न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगी। अफगानिस्तान टेस्ट टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जदरान, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुदीन अशरफ, नांग्याल खारोताई, कैस अहमद, बिलाल सामी, जिया शरीफी, सलीम सफी अफगानिस्तान वनडे टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, नांग्याल खारोताई, एएम गजनफर, जिया यू रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल सामी।

## खेल विशेष

### जानिक सिनर व कोको गॉफ ने जीत से की शुरुआत

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी जानिक सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर के खिलाफ पहले राउंड में 6-1, 6-3, 6-4 से शानदार जीत दर्ज करके यह साबित कर दिया कि वह इस साल का फ्रेंच ओपन जीतने के सबसे बड़े दावेदार क्यों हैं। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण बाहर होने और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के शानदार करियर के अंतिम पड़ाव पर होने के कारण, सिनर 2009 में रौलां गैरो में राफेल नडाल के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट (मेजर) में जीत के लिए सबसे बड़े दावेदार बन गए हैं। इस बीच पिछली महिला चैम्पियन कोको गॉफ ने अपने फ्रेंच ओपन टाइटल डिफेंस की रोमांचक शुरुआत में कई मुश्किलों का सामना किया, पहले राउंड में जीत हासिल करने से पहले उन्हें एक छोटा कार एक्सीडेंट और ड्रेस में खराबी जैसी समस्याओं से निपटना पड़ा।

### एलिस आयरलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में लॉरा डेलानी की जगह लेंगी

**डुबलिन (आयरलैंड), वार्ता।** अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है। डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं। डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है। 33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं। उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है। वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम ने भारत को 2.1 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारत महिला हॉकी टीम को चार मैचों की मैत्री सीरीज करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गए मुकाबले के पहले क्वार्टर में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारतीय टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षापंक्ति पहले हाफ में ज्यादातर समय मजबूत रहा और दूसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, दूसरे हाफ में मोमेंटम बदल गया जब ऑस्ट्रेलिया की एबी विल्सन ने दो पेनल्टी-कॉर्नर मौकों का फायदा उठाया।

# पर्पल कैप की रेस में अभी भी कर्गिसो रबाडा से आगे हैं भुवनेश्वर कुमार

**■ पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर व कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे**



**धर्मशाला, वार्ता।** क्वालिफायर-1 एकतरफा मुक. ाबला रहा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रन से रौंदकर आईपीएल 2026 के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। लेकिन मुकाबले के भीतर चल रही लड़ाइयों, खासकर ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में काफी रोमांच देखने को मिला। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार और कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे। मुकाबला खत्म होने तक दोनों के खाते में 26-26 विकेट हो गए। रबाडा ने पहले वार किया। उन्होंने दूसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और बाद में 17वें ओवर में क्रुणाल पंड्या को भी आउट किया। हालांकि, यह रात उनके लिए ज्यादा सुखद नहीं रही क्योंकि वह जीटी के सबसे महंगे गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने चार ओवर में 54 रन दिए और उनकी इकॉनमी 13-50 रही। भुवनेश्वर का दिन इससे कहीं बेहतर रहा। शुभमन गिल चौथे ओवर में उनका शिकार बने और फिर 19वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया को आउट कर 2/28 के आंकड़े के साथ मैच को खत्म किया। दोनों गेंदबाजों की इकॉनमी में अंतर कोई चौंकाने वाली बात नहीं थी। इस सीजन में भुवनेश्वर ने 8.00 की इकॉनमी से रन दिए हैं, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.48 रही है। यही वजह है कि पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के सिर पर है। बाकी गें. दबाजों में, जेसन होल्डर ने एक ही ओवर में विराट कोहली और देवदत्त पड़िक्कल को आउट कर दो विकेट लिए। इसके साथ ही वह सिर्फ नौ मैचों में इस सीजन में 15 विकेट तक पहुंच गए और फलिहाल 12वें स्थान पर आ गए हैं।

# युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**रोम, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदों के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पुरु युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में युकी भांबरी और उनके जोड़ी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस ने अर्जेंटीना के फांसिस्को सेरुंडोलो और मारियानो केस्टेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराकर रोलैंड गैरोस के अगले राउंड में जगह बनाई। पहला सेट 11वें अहम गेम तक सर्व पर रहा,

जब युकी भांबरी और माइकल वीनस ने अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ निर्णायक ब्रेक हासिल किया और फिर अगले गेम में सर्व बनाए रखते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। अपनी तरफ से मोमेंटम के साथ, युकी भांबरी और माइकल वीनस ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अर्जेंटीना की जोड़ी को फिर से ब्रेक किया और फिर एक घंटे 23 मिनट में मुकाबले को अपने नाम कर लिया। युकी भामरी फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल ड्रॉ का भी हिस्सा हैं। वह बुधवार को पहले राउंड में नीदरलैंड्स के डेविड पेल और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक से मुकाबला करने के लिए एलेक्जेंड्रा पनोवा के साथ पार्टनरशिप करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपियन एन श्रीराम बालाजी और उनके जोड़ीदार ब्राजील के मार्सेलो डेमोलिनर ने जर्मनी के कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और नीदरलैंड्स के तीन बार के ओलंपियन रॉबिन हासे को एक घंटे 46 मिनट में 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। एन श्रीराम बाला. जी और मार्सेलो डेमोलिनर ने अच्छी शुरुआत की, तीसरे गेम की शुरुआत में ही कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे की सर्विस तोड़कर ओपनिंग सेट पर कंट्रोल कर लिया। इंडो-ब्राजील की जोड़ी ने फिर नौवें गेम में अपना तीसरा सेट पॉइंट मौका बदलकर दूसरा ब्रेक हासिल किया और आगे बढ़ गए। कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे ने दूसरे सेट में सातवें गेम में बालाजी और डेमोलिनर की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, फिर अपनी सर्विस मजबूती से बनाए रखी और मुकाबला बराबर कर दिया और डिसाइडिग सेट में जगह पक्की कर ली। फैंटजेन और हासे डिसाइडिग सेट में शुरुआत में ही लड़खड़ा गए, दूसरे गेम में सर्विस गंवा दी और इंडो-ब्राजीलियन जोड़ी को ब्रेक का फायदा उठाकर मैच खत्म करने और दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिल गया। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन नई दिल्ली। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन हो गया है।

# सिनर और सबालेंका आगे बढ़े मेदवेदेव और पेगुला बाहर



**पेरिस, वार्ता।** पुरुषों और महिलाओं के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जानिक सिनर और आर्यना सबालेंका 2026 फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में आसानी से पहुंच गए, जबकि दानिल मेदवेदेव और जेसिका पेगुला को पहले ही दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6.1, 6.3, 6.4 से आसानी से हरा दिया, जिससे उनकी जीत का सिलसिला 30 मैचों तक पहुंच गया। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद, यह इतालवी खिलाड़ी खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बन गया था। सिनर ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन रात के सत्र में टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है, इसलिए आप सभी का यहां रुकने के लिए धन्यवाद। इस बीच, छठी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा, जब ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड एडम वाल्टन ने उन्हें पांच सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में 6.2, 1. 6, 6.1, 1.6, 6.4 से हरा दिया। सत्रह वीर्य फ्रेंच वाइल्डकार्ड मोइज कौमे ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 7.6 (4), 6.2, 6.1 से हराकर घरेलू दर्शकों में जबरदस्त उत्साह भर दिया।

# आरसीबी ने दिखाया नॉकआउट मैच में ऐसे प्रदर्शन की जरूरत होती है: कुंबले

**धर्मशाला, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालिफायर 1 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 92 रनों की जीत के साथ आईपीएल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियो स्टार के एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने आरस. ीबी की शानदार जीत का विश्लोण किया और रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी पर बात की।

कुंबले ने आरसीबी की जीत का विश्लोण करते हुए कहा, टॉस हारने के बाद, आरसीबी ने बोर्ड पर 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करके अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। किसी भी मैच में इतने रन बनाना मुश्किल होता है, लेकिन प्लेऑफ में ऐसा करना असली हिम्मत दिखाता है। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों को फिर भी मैदान पर उतरकर अपना काम करना था। उन्होंने यह काम शानदार ढंग से किया, जिसमें रजत पाटीदार ने आगे बढ़कर कप्तानी की और



विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने भी अच्छा योगदान दिया।

कुंबले ने कहा कि जब आरसीबी गेंदबाजी करने उतरी, तो उन्होंने जीटी के ओपनर्स को जमने नहीं दिया। उन्होंने कसी हुई लाइन पर गें. दबाजी की, दबाव बनाए रखा, और साई सुदर्शन के दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने से उन्हें शुरुआती सफलता मिल गई। उस विकेट ने जीत के दरवाजे खोल दिए। वहां से, आरसीबी के गेंदबाजों ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया। यह शुरू से लेकर अंत तक एक बेहत. रीन प्रदर्शन था। गेंदबाजी, बल्लेबाजी, फील्डिग - उस रात आरसीबी के लिए सब कुछ एकदम सही रहा। वे सिर्फ जीते ही नहीं, उन्होंने एक बयान दिया है। नॉकआउट मैच में आपको इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत होती है।

रजत पाटीदार की पारी और कप्तानी पर कुंबले ने कहा कि एक खिलाड़ी अपने साथियों का सम्मान तब कमाता है, जब वह बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। रजत पाटीदार ने ठीक यही किया है। यह पहला क्वालिफायर आरस. ीबी के लिए बहुत बड़ा मैच था। पहला क्वालिफायर जीतकर सीधे फाइनल में पहुंचने से आपको बहुत बड़ा फायदा मिलता है। तीन या चार दिन का आराम खिलाड़ियों को मान. सिक और शारीरिक रूप से ठीक होने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि पहला क्वालिफायर जीतने का यही एक बड़ा फायदा है।

# एसी का जनाज़ा निकाल रहे परिवार की पुलिस से झड़प

**खराब एसी के विरोध में शोरूम मालिक के खिलाफ प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक परिवार ने खराब एसी से परेशान होकर उसका जनाज़ा निकालते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बाकायदा एसीश्जनाजाश को फूलों की माला पहनाकर ई-रिक्शा की छत पर रखा गया और फिर जुलूस निकालते हुए लाउड स्पीकर से एनाउंस करते हुए शहर की सड़कों पर घुमाया गया। जुलूस जानसठ रोड स्थित कंबल वाला बाग से शुरू होकर बालाजी चौक रोड, ब्विवकर्मा चौक होते हुए भोपा रोड रेलवे ओवरब्रिज तक पहुंचा। प्रदर्शनकारी विशाल ट्रेडर्स के शोरूम पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। तो उनकी पुलिस से झड़पें भी हुईं। पुलिस एसी और ई-रिक्शा को साथ ले गई



इसके बाद दोनों पक्षों के बीच सड़क पर ही तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान मौके पर विशाल ट्रेडर्स के मालिक वात्सल्य गोयल का बेटा वासु गोयल भी पहुंच गया। जहां उसने पुलिस के सामने ही पीड़ित परिवार के साथ बदसलूकी शुरू कर दी।

माहौल उस समय और गर्मा गया जब उसने कथित तौर पर पीड़ित परिवार की महिला प्रियंका जैन को सरेआम धमकी देते हुए उस पर हाथ उठाने की कोशिश की। मामला बढ़ता देख पुलिस ने वासु गोयल को हिरासत में ले लिया, लेकिन वह पुलिसकर्मियों से भी उलझ गया। इतना ही नहीं, पिता वात्सल्य गोयल ने कई अन्य लोगों के साथ मिलकर वासु को पुलिस से जबरन छुड़ाने की कोशिश की।

इसके बाद पुलिस उसे जबरन पकड़कर नई मंडी कोतवाली ले गई। इस दौरान वात्सल्य गोयल समेत कई व्यापारी मौके पर पहुंचे और पुलिस से उसे छुड़ाने की कोशिश करते नजर आए। पुलिस एसी और ई-रिक्शा को भी अपने साथ थाने ले गई, जबकि पीड़ित आयुष जैन और उनकी पत्नी प्रियंका जैन भी कोतवाली पहुंच गए। घटना के बाद दर्जनो व्यापारी थाने पहुंच गए और उन्होंने व्यापारी के समर्थन में पुलिस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया भीड़ थाने में जमा थी।



मुजफ्फरनगर: ईद-उल-अज़हा पर कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी करते अकीदतमंद।

## तीन प्रधानाध्यापकों को मिला प्रमोशन

**मुजफ्फरनगर।** लंबे समय से विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के इंतजार के बाद बाद अब शासन स्तर से जिले के शिक्षा विभाग से जुड़े तीन प्रधानाध्यापकों को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिन योग्य शिक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है उनमें पुरकाजी हरिनगर स्थित विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार, राजकीय हाई स्कूल रई की प्रधानाध्यापिका अंजू वर्मा तथा राज्य कन्या हाई स्कूल संभालहेड़ा में कार्यरत प्रधानाध्यापक राजीव कुमार गुप्ता को पदोन्नत कर राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्य पद पर नियुक्त किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। शासन के आदेश जारी होने के बाद शिक्षा विभाग में खुशी का माहौल है। सहकर्मियों और क्षेत्रीय लोगों ने तीनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं।

# अधिवक्ताओं को जिले के चार टोल पर नहीं देना होगा टोल, जिला बार संघ ने जारी किया पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी तथा महासचिव सुरेन्द्र कुमार मलिक के हस्ताक्षरों से जारी एक पत्र में आज पूरे जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया जिसमें लिखा गया है कि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा हमारे आग्रह को स्वीकार करते हुए जनपद मुजफ्फरनगर के अधिवक्ताओं के लिए मुजफ्फरनगर में पडने वाले चारो टोल एक काजीखेडा, दो रोहाना, तीन छपार, चार मीरापुर फ्री करा दिए है। टॉल फ्री पास करने के लिए अधिवक्ताओं को अपने बार काउंसिल का ऑरिजनल सीओपी कार्ड वाहन के साथ रखना होगा एवं वाहन में उस अधिवक्ता की उपस्थिति अनिवार्य है। दोनो स्थिति पूर्ण होने पर ही अधिवक्ताओं का टोल फ्री होगा।

इस पत्र के जारी होते ही जिले में यह चर्चा शुरू हो गई कि क्या राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रांतीय राजमार्ग द्वारा संचालित होने वाले टोल को जिलाधिकारी किसी के लिए फ्री कर सकते है इस संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय से जब जानकारी ली गई तो उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की ओर से यह मांग उठाई गई थी जिससे उन्होने एनएचएआई को भेज दिया था फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से कोई अधिकृत आदेश की प्रति इस कार्यालय को नहीं मिली है। पत्रकारों ने इस संबंध में मुजफ्फरनगर के पूर्व जिलाधिकारी रहे चुके राष्ट्रीय राज मार्ग अथोरटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन संतोष यादव से जब इस संबंध में बात की तो उन्होने कहा कि ऐसा कोई आदेश संभव ही नहीं है।

बाद में जब जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी से बातचीत की गई तो उन्होने कहा कि यह स्थानीय व्यवस्था है इसमें कोई अधिकृत लेटर जारी नहीं हुआ है।

पूर्व में भी व्यवस्था है कि स्थानीय लोगों से टोल नहीं लिया जाता।

अधिवक्ता समाज के अग्रणी और जिम्मेदार लोगों में है उन्हे अपनी जिम्मेदारी का एहसास है और कोई भी अधिवक्ता ऐसी किसी भी व्यवस्था का दुरूपयोग नहीं करता।

उन्होने पूछा कि टोल पर अब भी बहुत से लोग फ्री यात्रा करते है क्या उनके लिए कोई आदेश जारी है। फिर अधिवक्ता तो साल में बहुत कम यात्रा करते है। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी का प्रयास अधिवक्ताओं की दृष्टि में सराहनीय है।

## गौ माता को मिले राष्ट्रीय पशु का दर्जा : अब्दुल्ला आरिफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गौ-रक्षा के मुद्दे पर मुजफ्फरनगर की सियासत गरमा गई है। बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करते हुए गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश सचिव एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष अब्दुल्ला आरिफ के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजा।

दोपहर 12 बजे मीनाक्षी चौक से शुरू हुआ कांग्रेस का जुलूस नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करो, दोहरा चरित्र नहीं चलेगा, मोबलिंचिंग बंद करो के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बातचीत में अब्दुल्ला आरिफ ने केंद्र और यूपी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क है।

एक तरफ गाय के नाम पर वोट मांगे जाते हैं, भावनाएं भड़काई जाती हैं, दूसरी तरफ हकीकत यह है कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मीट एक्सपोर्टर है। आरिफ ने आंकड़े गिनाते हुए कहा, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत 70 देशों को मीट निर्यात करता है। इसमें सालाना 11 लाख टन भैंस का मीट और 5 लाख टन गाय का मीट शामिल है।

यूपी खुद मीट एक्सपोर्ट का सबसे बड़ा हब है। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोबीन राजपूत, जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी, नगर अध्यक्ष फैसल कुरेशी, एडवोकेट मुनव्वर, डॉ. अरशद राजपूत, शहर अध्यक्ष आमिर सैफी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हातिम जफर महमूद, नरेश भारती, मुकुल शर्मा, हरदीप सिंह, शहर सचिव अनस मलिक, प्रवक्ता शाहबाज़ सैफी, हरमन पाल, हैदर राजपूत, शाहिल राजपूत, साजिद राजपूत, नदीम कस्सर, राशिद बलियान, विनोद दीवान, प्रिंस बलियान, अधिवक्ता राशि बलियान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।




# नवनिर्मित नाले का जांच टीम ने किया निरीक्षण

## पीडब्ल्यूडी की चार से बारह फुट जमीन पर हुई अतिक्रमण की पुष्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड पर भोपा पुल से लेकर बचन सिंह कॉलौनी के नाले की पुलिया तक बनाए जा रहे नाले की गुणवत्ता की जांच करने आज नगर मजिस्ट्रेट, पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका की तकनीकी टीम के साथ पहुंचे जहां उन्हे निर्माणाधीन नाले में कोई गंभीर त्रुटि प्रथम दृष्टिया नहीं मिली फिरभी गुणवत्ता की लैब रिपोर्ट सहित पीडब्ल्यूडी की जांच आख्या आने तक सिटी मजिस्ट्रेट ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। इसकी मांग खुद निर्माण कार्य का ठेका लेने वाली फर्म की ओर से की गई थी। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने जब पीडब्ल्यूडी की जमीन की पेमाईश कराई तो पूरे मार्ग पर अतिक्रमण की पुष्टी हुई। पुल से लेकर द्वारिकापुरी मोड तक पीडब्ल्यूडी की टीम ने चार-पांच स्थानों पर पैमाईश कर अतिक्रमित क्षेत्र की निशादेही हेतू निशान भी लगवा दिए है जिससे आठ से बारह फुट तक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हडकंप मच गया। इन दुकानों में एक दुकान शिकायतकर्ता की भी है। नगर मजिस्ट्रेट से पीडब्ल्यूडी के अधिशासीअभियंता ने इस बात पर कडी आपत्ति जताई कि नाले का निर्माण अतिक्रमण हटाके कराया जाना चाहिए था तय किया गया कि ईद के बाद पुनः पीडब्ल्यूडी इस पूरे मार्ग पर किए गए अतिक्रमण की निशानदेही करेगा। गौरतलब है कि फिलहाल नाले का निर्माण पूर्व में बने नाले के स्थान पर ही किया जा रहा था, लेकिन कुछ लोगों को यह रास नहीं आया और उन्होने शिकायतों का अंबार लगा दिया। जांच टीम यह जानकर हैरत में पड़ गई कि बीस प्रतिशत बने नवनिर्मित नाले पर भी एक नर्सिग होम ने पुनः अतिक्रमण कर पक्का निर्माण करा लिया है। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं ने बताया कि नर्सिग होम ने चार फुट जमीन पीडब्ल्यूडी की घेरी हुई है तथा जो नाला पूर्व में बना था उसकी बॉउंड्री पर ही अपनी दीवार खडी की हुई है जिसे नाले बनाते समय हटाया गया था, लेकिन फिर से बना दी गई।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि उन्हे जल्द ही जांच रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी फिलहाल निर्माण कार्य को लेकर कोई बड़ी त्रुटि सामने नहीं आई है। उन्होने कहा कि यदि अतिक्रमण की पुष्टी होती है तो उसे भी हटाया जाएगा।

## ईद-उल-अज़हा पर हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कुर्बानी के त्यौहार ईद-उल-जुहा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां की हैं। एडीजी मेरठ भानू भास्कर खुद सड़कों पर नजर आए उन्होने एसएसपी संजय कुमार के साथ बाजारो में गस्त करते हुए लोगों से भी बातचीत की।

जनपद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरुओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। इसमें सभी से भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

इसके अतिरिक्त, सभी थाना क्षेत्रें में भी शांति समिति की बैठकें लगातार आयोजित की जा रही हैं। विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी। नमाज केवल निर्धारित स्थलों पर ही पढ़ी जाएगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई है। नगर पालिका ने कुर्बानी के अवशेषों के निस्तारण के लिए विशेष व्यवस्था की है और लोगों से खुले में अवशेष न फेंकने की अपील की है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए शहर काजी काजी तनवीर आलम और शहर मुफ्ती मौलाना मुफ्ती जुल्फिकार अली ने भी जनपदवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग कानून का पालन करते हुए भाईचारे और शांति के साथ ईद-उल-जुहा का त्योहार मनाएं।

# सीएमओ ने ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी

**शासन के मानकों के अनुरूप दवाईयां रखने की हिदायत दी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने औषधि भंडारण एवं उपलब्धता व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण करव्यवस्थाओं को परखा। जनपद में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुख्दढ़, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित सीएमएसडी स्टोर तथा बामनहेरी स्थित केंद्रीय ड्रग वेयरहाउस का सघन दौरा कर व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के मुख्य एजेंडे में जीवनरक्षक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, उनके सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था, एक्सपायरी डेट, स्टॉक रजिस्टर का रखरखाव और वितरण व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण कड़ियों का गहनता से परीक्षण कर दिशा निर्देश दिए कि आम जनता को स्वास्थ्य लाभ मिलने में कोई असुविधा न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने सबसे पहले जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित सीएमएसडी स्टोर का रुख किया। यहाँ उन्होंने विभिन्न प्रकार की अति-आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं के स्टॉक की भौतिक स्थिति देखी और रिकॉर्ड संधारण का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद फार्मासिस्ट व संबंधित अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले किसी भी गरीब मरीज को दवाइयों की कमी के कारण बाहर न जाना पड़े। दवाओं की गुणवत्ता और समयब) उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सीएमओ ने विशेष रूप से दवाओं की एक्सपायरी डेट चेक कराई और निर्देश दिए कि जो दवाएं एक्सपायर होने वाली हों, उन्हें समय से पहले मुख्य स्टॉक से अलग कर नियमानुसार निस्तारण की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्टोर रूम में साफ-सफाई, उचित तापमान नियंत्रण और दवाओं को सुरक्षित रखने के मानकों को भी जांचा।इसके पश्चात, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बामनहेरी स्थित केंद्रीय ड्रग वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया, जो कि पूरे जनपद के ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सालयों में दवाओं की आपूर्ति की मुख्य लाइफलाइन है। यहाँ उन्होंने दवाओं के थोक स्टॉक, वितरण प्रणाली और सुचारू लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को देखा। उन्होंने वेयरहाउस प्रभारी को निर्देश दिए कि जनपद की सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य इकाइयों पीएसी और सीएचसी तक मांग के अनुरूप समय पर और पर्याप्त मात्र में दवाओं की खेप भेजी जाए। डॉ. सुनील तेवतिया ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए दवाओं का पारदर्शी स्टॉक प्रबंधन और उनकी निर्बाध उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से इन भंडारों का औचक निरीक्षण करने तथा सभी व्यवस्थाओं को शासन के मानकों के अनुरूप बनाए रखने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कई संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से रहे।

## तितावी पुलिस ने, 52 ग्राम स्मैक के साथ 1 आरोपी दबोचा

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत तितावी पुलिस ने बड़ी सपफलता हासिल की है। 52 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जसोई चौकी प्रभारी गौरव मलिक और सब इंस्पेक्टर अमित कुमार की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोका। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 52 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तोहिद पुत्र जाहिद निवासी गांव छतेला के रूप में हुई है। तितावी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नाबालिग को साथ ले जाकर खाते से उड़ाए लाखों

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के गांव टिटौड़ा निवासी एक महिला ने गांव रुकनपुर के युवक और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि आरोपित युवक उसके 16 वर्षीय बेटे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके मोबाइल के जरिए बैंक खाते से करीब 7.50 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसपफर कर लिए। पीड़िता नीलम पत्नी विनोद कुमार के अनुसार वह अपने पति के साथ दिल्ली के नरेला क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है। मेहनत से जोड़ी गई जमा पूंजी उन्होंने बैंक खाते में रखी हुई थी। आरोप है कि रुकनपुर निवासी युवक उनके नाबालिग बेटे वंश को अपने साथ ले गया। इसी दौरान 20 अप्रैल से 1 मई 2026 के बीच मोबाइल और यूपीआई का इस्तेमाल कर खाते से पूरी रकम निकाल ली गई। महिला ने बताया कि 19 मई को जब वह बैंक पहुंची तो खाते में बैलेंस शून्य देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। जानकारी करने पर रुपये दूसरे खाते में ट्रांसपफर होने की बात सामने आई। इसके बाद वह अपने पति के साथ आरोपित युवक के घर पहुंची। पीड़िता का आरोप है कि शुरुआत में आरोपित पक्ष ने दो दिन में मामला सुलझाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में उन्होंने बात बदल ली। दोबारा घर जाने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें धमकाया और कहा कि न तो उनका बेटा मिलेगा और न ही रुपये वापस किए जाएंगे।







## जानलेवा हमले के आरोपी शगुन व अमरदीप की जमानत खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लगभग एक माह पहले 6 अप्रैल 2026 की रात्रि करीब 10 बजे भोपा रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में खेल रहे युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने सख्ती दिखाते हुए आरोपी शगुन सैनी और अमरदीप वाल्मीकी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौतम पालीवाल पुत्र घनश्याम पालीवाल अपने साथी देवांश उर्फ वंश के साथ स्कूल परिसर में खेल रहे थे। इसी दौरान अर्पित शर्मा, सचिन राणा, अमरदीप वाल्मीकि, शगुन सैनी और करण जोशी वहां पहुंचे और सभी ने मिलकर गौतम पालीवाल को घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की चेन थी, जिनसे उन्होंने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में गौतम पालीवाल को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। वहीं, बचाव करने आए देवांश के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उसे भी गंभीर चोटें लगीं। घायल गौतम को तत्काल भोपा रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।









# लेबनान में इजरायली सेना की बमबारी, 31 की मौत

## अमेरिकी मध्यस्थता में युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद अब तक की सबसे भारी बमबारी

**अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं**


**बेरुत।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबारी में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है।

ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले 'ब्यूफोर्ट कैसल' के आस-पास के इलाकों में किए गए हैं। हवाई हमलों के अलावा इजरायल के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है। इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया। इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि कुछ हमले ब्यूफोर्ट कैसल के करीब हुए हैं। यूनेस्को ने करीब 900 साल पुराने इस किले को इस इलाके में 'मध्ययुगीन किलों के सबसे सुरक्षित बचे हुए उदाहरणों में से एक' के रूप में मान्यता दी है। ईरान युद्ध के 89वें दिन इजरायल के हमलों में काफी तेजी आई है।













## अमेरिकी सीनेटर ने ईरान युद्ध को लेकर ट्रम्प पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रम्प पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नए अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब एक तरफ बातचीत की रफ्तार बेहद धीमी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका ने सोमवार को दक्षिणी ईरान पर नए हमले किए हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एम.बी.बी.एस., एम.एस.
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

## अफ्रीकी देशों से अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

**बेंगलुरु।** अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कार्पोरेशन के अधिकारी डा. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है। वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे।

